दैनिक
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
# बढ़ता राजस्थान
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 298 टोंक | बुधवार,16 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-षष्ठी संवत्-2082 |भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

## पैंथर के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत, पकड़ने को पहाड़ पर लगाया पिंजरा



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर/पीपलवाड़ा (राकेश शर्मा)।** बौंली उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत थडोली के पहाड़ पर इन दिनों पैंथर का मूवमेंट बना हुआ है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। वनविभाग ने सोमवार को पैंथर रेस्क्यू स्थान चिह्नित कर थडोली पंचायत भवन के पीछे पहाड़ पर पिंजरा लगाया। वन विभाग की टीम अब कार्रवाई में जुटी हुई है। बता दें कि यहां पैंथर का मूवमेंट काफी महीनों से बना हुआ है। ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को जानकारी दी, लेकिन वन विभाग की टीम बिना कार्रवाई बैरंग लौट गई। बीच में पैंथर ने यहां पालतू जानवरों के शिकार भी किए। अब एक बार फिर से पैंथर दिखने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी है।

### इनका कहना है...

ग्रामीणों ने अधिकारियों को पैंथर मूवमेंट की जानकारी दी थी। अधिकारियों के निर्देश के बाद थडोली-बंधावल में पैंथर का मूवमेन्ट चिह्नित कर पिंजरा लगाया है। वनविभाग की टीम इसे पकड़ने में जुटी है। पैंथर के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत, पकड़ने को पहाड़ पर लगाया पिंजरा है!

**-भूपेन्द्र सिंह जादौन, फोरेस्टर बौंली**

पहाड़ पर पैंथर का मूवमेंट बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में दहशत थी। वन विभाग ने पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। वन विभाग की टीम वन्य जीव निगरानी में लगी हुई है।

**-कजोड़ी गुर्जर, प्रशासक**

## जंगल से निकलकर होटल परिसर में घुसा पैंथर : होटल में काम करने वाले मजदूर और रेस्क्यू करने गए होमगार्ड पर किया हमला

बढ़ता राजस्थान






**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश के रणथंभौर टाईगर रिजर्व में मंगलवार को एक बार फिर से पैंथर के हमले का मामला सामने आया है। रणथंभौर से सटे जमुल खेड़ा गांव स्थित एक निर्माणाधीन होटल परिसर में आज एक पैंथर रणथंभौर के जंगलों से निकलकर आ घुसा। पैंथर के होटल परिसर में घुसने से होटल में काम कर रहे मजदूरों में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान पैंथर ने अचानक से दो मजदूरों पर झपट्टा मार दिया। जिससे दोनों मजदूरों को हल्की-फुल्की खरोच आकर रह गई। पैंथर के हमले में दोनों मजदूर बाल बाल बचे। पैंथर की दहशत के मारे होटल में काम कर रहे सभी मजदूर होटल छोड़ बाहर भागे निकले। होटल कार्मिकों द्वारा पैंथर के होटल परिसर में घुसने की सूचना वन विभाग के आला अधिकारियों को दी गई। जिस पर वन विभाग की टीम त्वरित प्रभाव से होटल में पहुंची। लेकिन लगभग 40 बीघा क्षेत्र में फैली इस होटल में पैंथर को ढूंढना वन विभाग के लिए कड़ी चुनौती था। ढाई घंटे की कठिन मशक्कत के बाद पैंथर को ढूंढा जा सका। इस दौरान पैंथर ने रेस्क्यू टीम में शामिल एक होमगार्ड के जवान पर भी हमला कर दिया ,पैंथर के हमले में होमगार्ड जवान के हाथ मे हल्की से खरोंच आई। इस दौरान वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पैंथर को ट्रेंकुलाइज किया और पिंजरे में डालकर रणथंभौर टाईगर रिजर्व ले आई और जंगल में छोड़ दिया। तब कहीं जाकर होटल कर्मियों तथा मजदूरों ने राहत की सांस ली। वही पैंथर के हमले घायल दोनों मजदूर जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल पहुंचे जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। वही घायल होमगार्ड जिला अस्पताल पहुंचा जहाँ उसे भी प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घायल वन विभाग के होमगार्ड शेट्टी जैन ने बताया कि मंगलवार सुबह जमुलखेड़ा गांव के पास बन रही होटल में पैंथर की सूचना मिली जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पैंथर को रेस्क्यू करने के दौरान निर्माणाधीन होटल में घुसा हुए पैंथर ने वन विभाग के होमगार्ड शेट्टी जैन पर हमला कर दिया। जिससे उसके हाथों में खरोच आ गया। होमगार्ड ने बताया कि वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया ओर जंगल में छोड़ दिया।

## भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त : चौथ का बरवाड़ा-शिवाड़-जयपुर मार्ग हुआ बंद

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के चौथ का बरवाड़ा उपखंड क्षेत्र में हुई भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासतौर पर बनास नदी में पानी की तेज आवक के चलते डिडायच और ऐचेर गांव स्थित रपटों पर पानी आ जाने से चौथ का बरवाड़ा-शिवाड़ होते हुए जयपुर जाने वाला मुख्य मार्ग मंगलवार सुबह से बंद हो गया। बता दें कि यह मार्ग न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि घुश्मेश्वर महादेव मंदिर, शिवाड़ एवं प्रसिद्ध चौथ माता मंदिर आने जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए मुख्य रास्ता है। चौथ का बरवाड़ा में स्थित चौथ माता मंदिर एवं शिवाड़ में स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर सावन माह में श्रद्धालुओं से भरे रहते हैं, लेकिन मार्ग बंद होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### बनास नदी की रपट पर डेढ़ फीट तक पानी

लगातार हो रही वर्षा के चलते डिडायच और ऐचेर गांव की बनास नदी की रपटों पर मंगलवार सुबह एक से डेढ़ फीट तक पानी बहने लगा, जिससे दोनों तरफ आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। प्रशासन ने चेतावनी देते हुए बताया कि जलस्तर और भी बढ़ सकता है, इसलिए किसी को भी रपट पार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसके बावजूद कुछ लोग जान जोखिम में डालकर बाइक व पैदल नदी पार करते नजर आ रहे हैं।

### पुलिया निर्माण अभी तक अधूरा

*डिडायच रपट पर पुलिया स्वीकृत हो चुकी थी, लेकिन आज तक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले वर्ष भी ढाई महीने तक यह मार्ग बंद रहा था, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिया समय रहते बना दी जाती, तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।*

### लगातार बारिश से जलस्तर में बढ़ोतरी

टोंक जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से तेज बारिश का सिलसिला जारी है। इसकी वजह से बनास नदी सहित कई अन्य जलधाराओं में पानी की आवक तेज हो गई है। मंगलवार की सुबह जैसे ही डिडायच और ऐचेर रपटों पर पानी आया, चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़, जयपुर एवं टोंक की तरफ जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग बाधित हो गया।

## मंदिरों व शिवालयों के आम रास्तों पर हो रहे अतिक्रमणों को शीघ्र करें दुरुस्त : विधायक रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (नि.स.)।** राधा दामोदरजी के कुंडो पर स्थित मीणा समाज के धार्मिक स्थल माताजी के मंदिर के आम रास्ते में हो रहे अतिक्रमण एवं मौर्या वाले बालाजी के मंदिर के सामने स्थित नगर पालिका के भूखंड पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट एवं सफाई निरीक्षक बाबूलाल पंडा को मौके पर बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक को शहर में स्थित मंदिरों के आम रास्तों पर हो रहे अतिक्रमणों को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राधा दामोदरजी के कुंडो पर स्थित मीणा समाज के धार्मिक स्थल माताजी के मंदिर के आम रास्ते में हो रहे अतिक्रमण को नगर पालिका के दस्ते के जमादार राहुल, राजेंद्र, गोविंद एवं तुलसी सहित कई सफाई कर्मियों को बुलवाकर अतिक्रमण को हटवाया। जिससे श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड गई। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट एवं सफाई निरीक्षक बाबूलाल पंडा को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शहर में स्थित मंदिरों व शिवालयों के आम रास्तों एवं नगर पालिका के भूखंडों पर हो रहे अतिक्रमणों को शीघ्र दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावण मास के दौरान मंदिरों में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते हैं लेकिन मंदिरों के रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शहर के सभी मंदिरों के आम रास्तों में हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए जिससे श्रद्धालुओं एवं आमजन को परेशानी नहीं हो। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने भाजपा नेता कैलाश नटवाड़ा, ओमप्रकाश विजयवर्गीय व प्रहलाद सैनी सहित कई कार्यकर्ताओं के साथ गौरीशंकर महादेव मंदिर एवं राधा दामोदरजी के कुंडों पर स्थित शिवालयों में भगवान शिवजी के दर्शन करके मंदिरों का आकस्मिक अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए 200 पौधे

## पीएम श्री विद्यालय में जिला कलेक्टर ने किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान - एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को जिला कलेक्टर कानाराम ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सवाई माधोपुर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सहभागिता से परिसर में लगभग 200 पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत जिला कलेक्टर ने विद्यालय स्टाफ के साथ बैठक कर पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों और विद्यालय स्तर पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने सभी शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक प्रयासों की सराहना करते हुए इनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक इनसे लाभान्वित हो सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू ने बताया कि जिला कलेक्टर द्वारा विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, पर्यावरणीय पहलों, नवाचारों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को उत्साहजनक बताते हुए प्रोत्साहन दिया गया। इस अवसर पर सीडीईओ कृष्णा शर्मा, एडीपीसी दिनेश गुप्ता, सहायक निदेशक कालूराम बैरवा, तथा जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) देवीलाल मीणा सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के वृहद वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाया पौधा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर की घोषित हुई आज नवीन जिला कार्यकारिणी में सुरेंद्र शर्मा को जिला प्रवक्ता बनाए जाने के अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वृहद्ध वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा लगाया और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी ली, नवनियुक्त जिला प्रवक्ता के इस कार्य का भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशंसा की, नवनियुक्त जिला प्रवक्ता ने इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं भाजपा नेता भवानी सिंह मीणा का आभार जताया 7 इस दौरान सुधीर शर्मा, अजय बसवाल, आकाश भारद्वाज, मुरली गौतम, विजय शर्मा, प्रतीक जांगिड़, अभिषेक बैरवा, सुभाष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सवाई माधोपुर जिला भाजपा की कार्यकारिणी हुई घोषित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश अनुसार जिला कार्यकारिणी में 25 महिला, 12 एसटी, 8 एससी, 24 ओबीसी तथा 44 सामान्य वर्ग को सम्मिलित करते हुए सभी को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी में अनुभव के साथ नए पुराने सभी का समायोजन किया गया है। इसी के साथ 15 स्थाई आमंत्रित सदस्यों में डॉ .किरोड़ी लाल मीणा, जितेंद्र गोठवाल, जसकौर मीणा, सुखबीर सिंह जौनपुरिया सहित पूर्व जिला अध्यक्षों को स्थान दिया गया है। दीपक सिंहल, सत्यनारायण धाकड़, हरिओम गर्ग, उदय सिंह गुर्जर सहित आठ जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिला मंत्री पद पर रामहरि जाट, सरिता बंसल, ज्योति दीक्षित, प्रेम देवी मीणा सहित 7 को नियुक्त दी गई है। दीनदयाल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद पर यथावत रखते हुए विनोद अग्रवाल को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला प्रवक्ता पद पर सुरेंद्र शर्मा को यथावत रखते हुए उनके साथ वीरेंद्र चेची, गीता सैनी, हरिओम पटेल को प्रवक्ता बनाए गए है। पार्टी ने मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी के महत्व को देखते हुए नितेश मोदी, सारांश जैन, मेहनाज पटेल, सतीश शर्मा, दिनेश सोनी, धनेश शर्मा जैसे कार्यकर्ताओं की टीम बनाई है। पार्टी ने पहली बार जिला संगठन के साथ मोर्चा एवं प्रकोष्ठों को मजबूत करने की दृष्टि से मोर्चो संयोजक जमनालाल वैष्णव एवं प्रकोष्ठ संयोजक पद पर बलवीर सिंह राजावत की नियुक्ति की है। कार्यकारिणी में संतोष मथुरिया,लोकेंद्र शर्मा, दीपक मीणा, पृथ्वीराज मीणा, मानवेंद्र सिंह, शंकर भोपा, जुगल जाट, मनोज बंसल, राजेश गोयल, कुलदीप जैमिनी, गिरधारी सोनी, गौरंती मीना, हेमंत शर्मा, मोहनलाल सैनी, रामसिंह खटाना, इंद्र सिंह राजपूत, नरसी मीणा, केदार लाल मीणा, सीताराम पोसवाल सहित 91 कार्यकर्ताओं की कार्यकारिणी घोषित की है। नवीन कार्यकारिणी घोषित होने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के द्वारा बधाई देते हुए खुशियां मनाई जा रही है ।

## ढाणी जुगलपुरा के आम रास्तों में भरा हुआ है बरसात का पानी

### कॉलोनीवासियों, वाहन चालकों, राहगीरों व विद्यार्थियों को हो रही है परेशानी

**निवाई (नि.स.)।** ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा के कई गांवों व कॉलोनियों के आम रास्तों में बरसात का पानी भरा हुआ है। जिससे कॉलोनीवासियों, वाहन चालकों, राहगीरों व विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के पानी की निकासी नहीं होने के कारण आम रास्तों में बरसात का पानी भरा हुआ है। जिससे आदित्य नगर, लक्ष्मी नगर, विकास नगर, अंजुमन बिहार, अर्थ सिटी, महेश नगर, चौधरी कॉलोनी व कच्ची बस्ती सहित 10-15 कॉलोनीयों के मार्ग पूर्ण रूप से बंद हो गए है। कॉलोनीवासी विक्रमसिंह गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि पहली बरसात में ही ढाणी जुगलपुरा की कॉलोनियों के मार्ग पूर्ण रूप से बंद हो गए। उन्होंने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी जुगलपुरा, हिंदी विद्या निकेतन, केंद्रीय मॉडल स्कूल, सरकारी व निजी कॉलेज व स्कूलों में जाने वाले छात्र-छात्राएं विद्यालय जाने से वंचित हो रहे है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत प्रशासन को कई बार अवगत करवाने पर भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है।

## श्री त्रिनेत्र गणेश मेला 2025 होगा पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर दुर्ग स्थित श्री त्रिनेत्र गणेश मंदिर में आगामी तीन दिवसीय भव्य मेला 26 से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य मेला 27 अगस्त को रहेगा। इस संबंध में मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मेले की पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मंदिर ट्रस्ट एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो एवं श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और वे गणेश दर्शन का सुखद अनुभव प्राप्त कर सकें।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि रणथम्भौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों की हाल की गतिविधियों को देखते हुए अवैध रास्तों को पूर्णतः बंद किया जाए, बेरिकेटिंग, चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं ताकि श्रद्धालु सुरक्षित मार्ग से ही मंदिर पहुंचें। इस दौरान जोगी महल से प्रारंभ होने वाले मंदिर परिक्रमा मार्ग को बंद रखने पर चर्चा की गई।

### परिवहन व सड़क मरम्मत के निर्देश

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अतिरिक्त रोडवेज बसें संचालित की जाएंगी। हम्मीर सर्किल से गणेशधाम एवं जोगी महल तक की सड़कें दुरुस्त की जाएंगी, तथा वर्षा जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

## सम्पादकीय

# यूपी में विद्यालय विलय नीति का विरोध करने वाले बच्चों के भविष्य पर राजनीति कर रहे हैं

असल में देखा जाये तो योगी सरकार की स्कूलों को मर्ज करने की नीति केवल प्रशासनिक सुधार भर नहीं है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, संसाधनों की बेहतर उपलब्धता और विद्यार्थियों के समग्र विकास के दृष्टिकोण से एक दूरदर्शी कदम है।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों को आपस में मर्ज (विलय) करने का फैसला किया तो इस पर राजनीति और हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी नेता इस नीति को छात्रों के विरोध में बताते हुए बयानबाजी करने लगे, शिक्षकों की ओर से भी इस नीति का विरोध जताया जाने लगा, अभिभावक भी चिंतित होने लगे, कोई इस नीति के विरोध में कोर्ट चला गया तो कोई सोशल मीडिया पर इसके विरोध में तमाम पोस्टें किये जा रहा है। लेकिन आप इस नीति का विरोध कर रहे लोगों की बातों को सुनेंगे या उनकी सोशल मीडिया पोस्ट को पढ़ेंगे तो एक बात साफ हो जायेगी कि इन्हें शिक्षा में सुधार से कोई लेना-देना नहीं है। किसी को अपनी राजनीति चमकानी है तो किसी को अपने लिये बरसों से बने सुविधाजनक माहौल से बाहर नहीं निकलना है।

जबकि असल में देखा जाये तो योगी सरकार की स्कूलों को मर्ज करने की नीति केवल प्रशासनिक सुधार भर नहीं है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, संसाधनों की बेहतर उपलब्धता और विद्यार्थियों के समग्र विकास के दृष्टिकोण से एक दूरदर्शी कदम है। इस नीति के दूरगामी प्रभाव छात्रों और उनके अभिभावकों के हित में साबित होंगे। हम आपको बता दें कि 50 से कम छात्रों वाले स्कूलों को पास के ज्यादा छात्रों वाले विद्यालयों में समायोजित कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना ही इस नीति का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इस नीति को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज किया जाना इस नीति की वैधता का प्रमाण भी है।

स्कूलों को मर्ज करने की नीति का विरोध करने वालों को समझना चाहिए कि छोटे-छोटे विद्यालयों में अक्सर मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी देखने को मिलती है। पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लास, साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी चीजों का भी अभाव होता है। जब दो या तीन स्कूलों को मर्ज कर एक बड़ा स्कूल बनाया जाएगा, तो संसाधनों का केन्द्रीयकरण होगा। इससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल, अच्छी बिल्डिंग, खेल-कूद और तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

इसके अलावा, अभी कई स्कूलों में एक या दो अध्यापक ही पूरे विद्यालय का भार उठा रहे हैं। इससे न तो शिक्षक विषय विशेषज्ञ बन पाते हैं और न ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। मर्ज किए गए बड़े स्कूलों में विषयवार शिक्षक उपलब्ध कराना सरकार के लिए आसान होगा। इससे गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे कठिन विषयों में भी बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल सकेगा।

साथ ही मर्जिंग के बाद स्कूलों में केवल छात्र संख्या ही नहीं बढ़ेगी, बल्कि प्रतियोगिता, नवाचार और गतिविधियों के अवसर भी बढ़ेंगे। बड़े स्कूलों में सामान्यत: बेहतर शैक्षणिक माहौल होता है, जिससे बच्चों के सीखने का स्तर स्वत: ही ऊपर उठता है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 16 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1439 इंग्लैंड में बीमारी फैलने के डर से चुंबन पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- 1661 स्वीडिश बैंक ने यूरोप में पहला नोट जारी किया।
- 1769 फादर जूनिपेरो सेरा कैलिफोर्निया में पहला मिशन, मिशन सैन डिएगो पाया।
- 1769 स्पेनिश तपस्वी जूनिपरो सेरा ने मिशन सैन डिएगो डेक्लाका की स्थापना की, जो कि स्पेन के अल्टा कैलिफ़ोर्निया क्षेत्र में पहला फ्रांसिस्कन मिशन था।
- 1779 जनरल एंथोनी वेन की अगुआई वाली संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ब्रिटिश सैनिकों से स्टॉनी पॉइंट, न्यूयॉर्क पर कब्जा कर लिया।
- 1782 मोजार्ट के ओपेरा डाई एन्टफुहरंग एनस डेम सेरेल ने इसकी व्याख्या की, जिसके बाद सम्राट जोसेफ द्वितीय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसमें बहुत सारे नोट थे।
- 1790 अमेरिकी कांग्रेस ने कोलंबिया की स्थापना की।
- 1790 अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने रेजिडेंस एक्ट पर हस्ताक्षर किए, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए पोटोमाक नदी के किनारे एक नए स्थायी स्थल का चयन करता है, जो बाद में वाशिंगटन, डी.सी.
- 1798 अमेरिका में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा विभाग बना। अमेरिकी मरीन अस्पताल अधिकृत किया गया।
- 1862 डेविड फर्रागुत संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना में रियर एडमिरल के थेरेपी के लिए पदोन्नत होने वाले पहले व्यक्ति बन गए।
- 1894 आओकी-किम्बरली की संधि; जापान और इंग्लैंड ने संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1931 इथियोपिया के सम्राट हैली सेलासी ने राष्ट्र के फर्स्टकंस्ट्रेशन पर हस्ताक्षर किए, इतिहास में पहली बार एक निरपेक्ष रूप से अपने विषयों के साथ संप्रभुता साझा करने की मांग की।
- 1942 फ्रांस की राजधानी पेरिस में पुलिस ने 13,152 यहूदियों को गिरफ्तार किया।
- 1942 संयुक्त राज्य अमेरिका ने फिनलैंड के साथ राजनयिक संबंध ख़तम किया।
- 1945 अमरीका ने परमाणु बम का पहला परीक्षण किया।
- 1945 मैनहट्टन प्रोजेक्ट-ट्रिनिटी, पहला परमाणु परीक्षण विस्फोट, न्यू मैक्सिको के आलमोगोर्डो के पास किया गया था।
- 1950 फुटबॉल विश्व कप के चौथे संस्करण के फाइनल में ब्राजील को हरा उरुगवे चैंपियन बना।
- 1950 कोरियन वॉर-ए कोरियन पीपुल्स आर्मी यूनिट ने इक्कीस अमेरिकी सेना के युद्ध बंदियों का नरसंहार किया।
- 1951 एशिया का देश नेपाल, ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
- 1951 द कैचर इन द राई, जो एक अमेरिकी आने वाला उपन्यास है, जो जे.डी. सालिंगर द्वारा प्रकाशित किया गया था।
- 1965 दक्षिण वियतनामी कर्नल फाम नोक थोओ - एक अनिर्धारित कॉम्युनिस्ट जासूस - नौगीन खान के खिलाफ फरवर 1965 में तख्तापलट के प्रयास के लिए अनुपस्थित में सजा सुनाए जाने के बाद नीचे शिकार किया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी।
- 1981 महाथिर मोहमद को मलेशिया के चौथे प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई।

## विशेष आलेख

# त्रिनिदाद और टोबैगो के गिरमिटिया कौन है, जिनका भारत से संबंध है!



रामस्वरूप रावतसरे

**पीएम ने कहा, हम अपने प्रवासी समुदाय की ताकत और समर्थन को बहुत महत्व देते हैं। दुनिया भर में फैले 35 मिलियन से अधिक लोगों के साथ, भारतीय प्रवासी हमारा गौरव हैं। जैसा कि मैंने अक्सर कहा है, आप में से प्रत्येक एक राष्ट्रदूत है, भारत के मूल्यों, संस्कृति और विरासत का एक राजदूत है। आपके पूर्वजों ने जिन परिस्थितियों का सामना किया, वो मजबूत इरादे वाले लोगों को भी तोड़ सकती थी। लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और समस्याओं का डटकर सामना किया।**

भारतीयों की पहचान उनकी मेहनत, सफलता और हर मुसीबत से लड़ने की कर्मठता के लिए जानी जाती है। ये अपनी संस्कृति के साथ हर नई जगह में घुलमिल जाते हैं। यही वजह है कि भारतीय सदियों से दुनिया भर में प्रवास करते रहे हैं। भारतीयों की कार्यकुशलता, शिक्षा और उद्यमशीलता का लोहा आज दुनिया मान रही है।

एक समय ऐसा भी था जब भारतीयों जबरन दूसरे देशों में मजदूरी के लिए ले जाया जाता था। धीरे-धीरे गुलाम जैसी जिंदगी से आगे बढ़े और जहाँ बसे वहाँ की पहचान बन गए। पराधीनता, दर्द और पीड़ा से मुक्त होकर अपना नाम कमाया। वेनेजुएला के पास एक छोटे सा द्वीप है जिसे त्रिनिदाद और टोबैगो के नाम से जाना जाता है। इसका इतिहास भारत से जुड़ा हुआ है क्योंकि भारतीय यहाँ भी ले जाकर बसाए गए थे।

5 देशों के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब त्रिनिदाद और टोबैगो पहुँचे तो उसका जमकर स्वागत किया गया। कोवा में नेशनल साइक्लिंग वेलोड्रोम में एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, मैं जानता हूँ कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय की मौजूदगी उनके साहस और कार्यकुशलता के बारे में बताता है, भगवान राम के जयकारे सुनकर पीएम मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने कहा, मैं भी इसी तरह की भक्ति भावना के साथ कुछ लेकर आया हूँ। अयोध्या में स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति और सरयू नदी का कुछ जल

पीएम ने कहा, हम अपने प्रवासी समुदाय की ताकत और समर्थन को बहुत महत्व देते हैं। दुनिया भर में फैले 35 मिलियन से अधिक लोगों के साथ, भारतीय प्रवासी हमारा गौरव हैं। जैसा कि मैंने अक्सर कहा है, आप में से प्रत्येक एक राष्ट्रदूत है, भारत के मूल्यों, संस्कृति और विरासत का एक राजदूत है। आपके पूर्वजों ने जिन परिस्थितियों का सामना किया, वो मजबूत इरादे वाले लोगों को भी तोड़ सकती थी। लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और समस्याओं का डटकर सामना किया। पूर्वजों ने गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया, लेकिन अपने दिलों में रामायण को बसाए रखा। उन्होंने अपनी मिट्टी छोड़ी, लेकिन अपनी आत्मा नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासियों को एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक के रूप में भी याद किया। प्रवासियों के योगदान से देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक फायदा हुआ। इस खूबसूरत देश पर आप का प्रभाव दिख रहा है।

19वीं शताब्दी में भारत के लोगों को मजदूरी करने के लिए अंग्रेजों ने अपने उपनिवेशों में भेजा। कम मजदूरी और दयनीय हालत के बावजूद भारतीय मजदूर बड़ी संख्या में अनुबंध समाप्त होने के बाद वहीं रह गए। इसकी शुरुआत 1834 में मॉरीशस से हुई। 87 साल की औपनिवेशिक अनुबंध के तहत 1.5 मिलियन से ज्यादा भारतीय दूसरे देशों में बंधुआ मजदूरों के रूप में लाए गए। अनुबंध समाप्त होने के बाद इनमें से कई अप्रवासियों ने विदेशी धरती पर ही रहने का फैसला किया। इन लोगों ने समृद्ध बस्तियाँ बनाईं और अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाया।

त्रिनिदाद और टोबैको की पहली महिला और वर्तमान प्रधानमंत्री कमला सुशीला प्रसाद- बिसेसर एक हिंदू हैं। उनकी विरासत दक्षिण भारत और उत्तर भारत दोनों से मिलती है। उनके पूर्वज भारतीय अनुबंध प्रणाली के तहत त्रिनिदाद और टोबैको आए और यहीं बस गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत में लोग प्रधानमंत्री कमला को बिहार की बेटी मानते हैं। उनकी तरह यहाँ भी ऐसे कई लोग हैं जिनकी जड़ें बिहार में हैं। बिहार की विरासत हम सभी के लिए गर्व की बात है। दुनिया के महान प्रवासी भारतीयों की शानदार उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कई प्रतिष्ठित हस्तियों का नाम भी लिया।


कौन हैं गिरमिटिया? 1833 में ब्रिटिश साम्राज्य, 1848 में फ्रांसीसी उपनिवेशों और 1863 में डच साम्राज्य में दास प्रथा का अंत हो गया। ब्रिटेन में भारतीयों की गिरमिटिया दासता 1920 के दशक तक जारी रही। इससे इंडो-साउथ अफ़्रीकी, इंडो-कैरिबियन, इंडो-मॉरीशस और इंडो-फिजियन समुदायों का विकास हुआ।

जानकारी के अनुसार दास प्रथा खत्म होने के बाद काम करवाने के लिए अंग्रेजी साम्राज्य को मजदूरों की जरूरत पड़ी। तब भारत से 5 साल के अनुबंध पर इन मजदूरों को 1834 के दशक में अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप भेजा गया। 5 साल बीत जाने के बाद आने के पैसे नहीं थे इसलिए ज्यादातर लोग यहाँ बस गए और इन्हें गिरमिटिया कहा गया।

भारत से बाहर भेजे गए मजदूरों के लिए गिरमिटिया शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले अंग्रेजों ने ही किया। जब मजदूरों को अनुबंध के तहत भेजा जाता था तो उसे गिरमिटिया कहा जाता था। गिरमिटिया की पूरी कहानी ब्रिटिश उपनिवेशवाद से जुड़ी हुई है। दरअसल ब्रिटिश साम्राज्य को स्थापित करने और उसे मजबूत बनाने के लिए सस्ते और मेहनतकश लोगों की जरूरत थी। उस वक्त ब्रिटिश शासन ने भारतीय किसानों पर भारी टैक्स लगा दिया था और कर्ज के चंगुल में किसान लगातार फँसते जा रहे थे। ऐसे में गिरमिटिया बनकर बड़ी संख्या में लोगों ने पलायन किया।

बताया जाता है 1498 में क्रिस्टोफर कोलंबस के त्रिनिदाद और टोबैगो के समुद्र तट पर कदम रखा। इससे पहले इस द्वीप को कोई नहीं जानता था। बाद में जब इस द्वीप का दुनिया से सामना हुआ तो यहाँ के लोगों को दास के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया गया। 1802 में इस क्षेत्र को ब्रिटिश क्राउन को सौंप दिया गया और ये द्वीप ब्रिटिश उपनिवेश का हिस्सा बन गया।

# ओंकारेश्वर-जहां आज भी चौपड़ खेलते हैं शिव पार्वती



**तब नारद बोले, आपके पास सब कुछ है, लेकिन आप सुमेरु पर्वत से ऊँचे नहीं हैं।उस पर्वत का भाग देवताओं के लोक में पहुँच गया है, और तुम्हारे शिखर का भाग वहाँ कभी नहीं पहुँचेगा। यह कहकर नारदजी वहाँ से चले गए। किन्तु यह सुनकर विंध्याचल को बहुत दु:ख हुआ और तभी उन्होंने भगवान शिव की आराधना करने का निश्चय किया। जहाँ साक्षात ओंकार विद्यमान है, वहाँ उन्होंने शिवलिंग स्थापित किया और प्रसन्न मन से छह महीने तक निरंतर आराधना की।**

अंजनी सक्सेना

'सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम।
उज्जयिन्यां महाकालम् ओंकारं अमलेश्वरम॥

श्री शिवमहापुराण के इस श्लोक में ओंकारं अमलेश्वरम का उल्लेख है, जो यह दर्शाता है कि ओंकारेश्वर (और इसके सह स्वरूप ममलेश्वर) एक ही दिव्य शक्ति के रूप हैं।

*ओंकारतीर्थमासाद्य सर्वपापै: प्रमुच्यते।*
*नर्मदातटमासाद्य शिवलोकं स गच्छति॥*

स्कंद पुराण के रेवाखंड में नर्मदा महात्म्य में भी ओंकारेश्वर तीर्थ की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें कहा गया है कि नर्मदा तट पर स्थित यह ज्योतिर्लिंग समस्त पापों का नाश करता है और मोक्ष की प्राप्ति कराता है। जो ओंकार तीर्थ की यात्रा करता है वह समस्त पापों से मुक्त होकर शिवलोक को प्राप्त करता है। भगवान शंकर के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से चतुर्थ श्रीओंकारेश्वर मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के ओंकार पर्वत पर विराजमान हैं। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की विराट और विशाल महिमा का वर्णन अनेक शास्त्रों और पुराणों में मिलता है। भगवान महादेव के यहां ज्योतिर्लिंग के रुप में विराजमान होने को लेकर अनेक कथाएं प्रचलित हैं

विंध्याचल पर्वत की कहानी

एक बार नारदजी भ्रमण करते हुए विंध्याचल पर्वत पर पहुँचे। वहाँ पर्वतराज विंध्याचल ने नारद का स्वागत किया और कहा, मैं सर्वगुण संपन्न हूँ, मेरे पास सब कुछ है, सभी प्रकार की सम्पत्तियाँ हैं।

विंध्याचल के गर्व भरे शब्द सुनकर नारद जी चुपचाप खड़े रहे। तब विंध्याचल ने नारद से पूछा कि उन्हें मुझमें क्या कमी नज़र आई?

तब नारद बोले, आपके पास सब कुछ है, लेकिन आप सुमेरु पर्वत से ऊँचे नहीं हैं।उस पर्वत का भाग देवताओं के लोक में पहुँच गया है, और तुम्हारे शिखर का भाग वहाँ कभी नहीं पहुँचेगा। यह कहकर नारदजी वहाँ से चले गए। किन्तु यह सुनकर विंध्याचल को बहुत दु:ख हुआ और तभी उन्होंने भगवान शिव की आराधना करने का निश्चय किया। जहाँ साक्षात ओंकार विद्यमान है, वहाँ उन्होंने शिवलिंग स्थापित किया और प्रसन्न मन से छह महीने तक निरंतर आराधना की। इससे भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न हुए और वहाँ प्रकट होकर उन्होंने कहा, मैं अत्यंत प्रसन्न हूँ। तुम कोई भी वरदान माँग सकते हो।

तब विंध्य ने कहा, आप मुझ पर सचमुच प्रसन्न हैं, अत: मुझे बुद्धि दीजिए जिससे आपका कार्य सिद्ध हो सके। तब भगवान शिव ने उनसे कहा, मैं तुम्हें वरदान देता हूँ कि तुम जिस प्रकार का कार्य करना चाहते हो, वह पूर्ण होगा।

वरदान देने के बाद कुछ देवता और ऋषिगण भी वहाँ आ गए और भगवान शिव से प्रार्थना की कि, हे प्रभु! आप सदैव यहीं रहेंगे। तब लोक कल्याण करने वाले भगवान शिव ने उनकी प्रार्थना को स्वीकार किया और वह ओंकार लिंग दो लिंगों में विभाजित हो गया।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



श्री राजवीर चंपावत
एडिशनल एसपी( नवलगढ़ )

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कलाम के सुपर स्टार हैं राजस्थान पुलिस के जांबाज शेर दिल एडिशनल एसपी राजवीर सिंह चंपावत सन 1996 बैच में राजस्थान पुलिस के बेड़े में सब इंस्पेक्टर के रूप में शामिल हुए आज एडिशनल एसपी नवलगढ़ जिला झुंझुनू के पद को सुशोभित कर रहे हैं। हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक सदस्य आतंकवादी शब्बीर को गिरफ्तार किया था जिसके पास से तीन एक के -47, 15 आरडीएक्स बम और 299 जिंदा कारतूस बरामद किए थे जो कि कश्मीर से हैदराबाद लेकर जा रहा था। हैदराबाद में एक बड़ी घटना को रोकने में राजवीर सिंह चंपावत का बड़ा अहम रोल रहा। इसके बाद इन्हें महाराजा सवाई मानसिंह ब्रेवरी पुलिस पदक से भी इन्हें सम्मानित किया गया। इनके बड़े भैया एडिशनल एसपी थे और चाचा भी पुलिस में ऑफिसर थे पिता उनके वकील थे बड़े भैया से प्रेरणा लेकर पुलिस में शामिल हुए क्योंकि इनके बड़े भैया का नाम राजस्थान पुलिस में ईमानदारी और बहादुरी में दोनों में बड़े फक्र के साथ लिया जाता है। उनकी प्रेरणा हुई और पुलिस में भर्ती हुए । जब ये पुष्कर थाना अधिकारी रहे तो एसपी श्रीनिवास राव जंघा के निर्देश पर ड्रग के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए ड्रग लेने वाले युवाओं को मेडिकल कैंप लगाकर उन्हें नशे से मुक्त किया । युवाओं के परिजनों में पुलिस को भगवान के रूप में देखने का यह पहला सौभाग्य पूरे राजस्थान में रहा। उसके बाद विभिन्न जेलों और विभिन्न स्थानों में इस तरीके की अनुपम योजना लागू की गई लेकिन इसकी पहल पुष्कर थाना अधिकारी रहते हुए राजवीर सिंह चंपावत ने की। इसके लिए भी सरकार से इन्हें सम्मान मिला। इसके अलावा आसाराम बापू का यौन प्रकरण हो,चाहे सलमान खान काले हिरण शिकार का प्रकरण हो दोनों में बड़ी अहम भूमिका निभाते हुए अपने अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए अनुसंधान में उनका पूरा साथ दिया। घुड़सवारी के बेहद शौकीन है और शख्सियत कॉलम के माध्यम से दैनिक बढ़ता राजस्थान के सभी पाठकों को यह कहना चाहते हैं कि सच में देशभक्ति का जज्बा और लोगों की सेवा करने का यह जोश खाकी को गर्व से भर देता है। ये अलवर शहर कोतवाल भी रहे उसके बाद सदर थाना अधिकारी भी रहे अलवर पद स्थापना के दौरान उनकी बहुत बेहतरीन कार्यशैली देखने को मिली एक अच्छे अधिकारी के रूप में जिस भी थाने में रहे वहां अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास के पुलिस स्लोगन को बल मिला। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे और जवान पुलिस अधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# शहीदों के सरताज कहे जाते थे गुरु अर्जुन देव

गुरु अर्जुन देव मानव सेवा के पक्षधर थे और वह सिख धर्म के सच्चे बलिदानी थी। गुरु अर्जुन देव से ही सिख धर्म में बलिदान की परंपरा शुरू हुई थी। आज ही के दिन यानी की 30 मई को गुरु अर्जुन देव का निधन हो गया था।

आज ही के दिन यानी की 30 मई को सिखों के 5वें गुरु अर्जुन देव जी की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने हमेशा गुरु परंपरा का पालन किया और गलत चीजों के आगे कभी नहीं झुके। उन्होंने शरणागतों की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान हो जाना स्वीकार किया। गुरु अर्जुन देव मानव सेवा के पक्षधर थे और वह सिख धर्म के सच्चे बलिदानी थी। गुरु अर्जुन देव से ही सिख धर्म में बलिदान की परंपरा शुरू हुई थी। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर गुरु अर्जुन देव के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

गुरु अर्जुन देव का 15 अप्रैल 1563 को जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम गुरु रामदास और मां का नाम बीवी भानी था। इनके पिता गुरु रामदास सिखों के चौथे गुरु थे और नाना गुरु अमरदास सिखों के तीसरे गुरु थे। ऐसे में गुरु अर्जुन देव का बचपन नाना यानी की गुरु अमरदास की देखरेख में बीता था। गुरु अमरदास ने गुरु अर्जुन देव को गुरुमुखी की शिक्षा दी थी। साल 1579 में उनका विवाह मां गंगा जी के साथ हुआ था।

स्वर्ण मंदिर की नींव

बता दें कि साल 1581 में गुरु अर्जुन देव सिखों के पांचवे गुरु बने थे। उन्होंने अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे की नींव रखवाई थी। जिसको आज गोल्डन टेंपल या स्वर्ण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि स्वयं गुरु अर्जुन देव जी ने ही स्वर्ण मंदिर का नक्शा बनाया था।

धर्म के लिए दिया स्वयं का बलिदान

धर्म की रक्षा के लिए गुरु अर्जुव देव ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। दरअसल, मुगल बादशाह जहांगीर ने गुरु अर्जुन देव को लाहौर की भीषण गर्मी में गर्म तवे पर बिठाया। उन पर गर्म रेत डाली गई और अन्य तरह की तमाम यातनाएं दी गई थीं। यातनाओं के कारण गुरु अर्जुन देव का शरीर बुरी तरह से जल गया था। वहीं 30 मई 1606 को उनको रावी नदी में नहलाने के लिए ले जाया गया, जहां पर उन्होंने प्राण त्याग दिए। गुरु अर्जुन देव के स्मरण में रावी नदी के किनारे गुरुद्वारा डेरा साहिब का निर्माण कराया गया, जोकि वर्तमान समय में पाकिस्तान में है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**वृष**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**मिथुन**
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

**कर्क**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

**कन्या**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

**तुला**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

**वृश्चिक**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

**धनु**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**कुंभ**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

**मीन**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान



# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों के लिए मिलेट न्यूट्री बार के पायलट वितरण का किया शुभारम्भ

## जयपुर एवं उदयपुर के 544 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगभग दस हजार बच्चों में पोषण स्तर को बेहतर बनाने और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ठहराव के लिए होगा लाभ -उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विद्याधर नगर में 3 से 6 वर्ष के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों के लिए बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार का पायलट वितरण शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों में पोषण स्तर को बेहतर बनाने और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ठहराव के लिए मिलेट न्यूट्री बार वितरण लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि छ महीने बाद पायलट सफल होने पर सीएसआर के सहयोग से इसे राज्य स्तर पर लागू करने के प्रयास किए जाएंगे।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की श्री अन्न योजना से प्रेरित होकर नूतन नवाचार के रूप में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु जयपुर एवं उदयपुर ज़िलों के चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों में सी एस आर के सहयोग से बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार का पायलट वितरण शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त मिलेट बार बायो- फोर्टिफाइड बाजरा, गेहूं मूंगफली, गुड़ और शहद से निर्मित है तथा इसमें में पर्याप्त कैलोरी, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और ज़िंक हैं, जो कि पोषण में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

दिया कुमारी ने बताया कि इस नवाचार हेतु तर्ढं एवं क्ष्ञ ॥, हार्वेस्ट प्लस संस्था के सहयोग से विभाग द्वारा जयपुर जिले के जयपुर प्रथम, सांगानेर ग्रामीण एवं उदयपुर जिले के आदिवासी क्षेत्र परियोजना फलासिया को पायलट के तहत चयनित किया गया है। इस योजना के तहत 544 आंगनवाड़ी केंद्रों पर लगभग 10,000 बच्चों को मिलेट न्यूट्री बार वितरित की जाएंगी। प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन 20 ग्राम वजन की एक न्यूट्री बार, सप्ताह में 5 दिन, 6 महीनों तक दी जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहल न केवल बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाएगी, बल्कि उनका आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ठहराव भी बढेगा साथ ही कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी सशक्त बनाएगी।भविष्य में राजस्थान के आई सी डी एस कार्यक्रम में ऐसे नवाचारों को शामिल कर मिलेट आधारित खाद्य उत्पादों के समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने इस अवसर पर बताया कि राजस्थान में बच्चों की पोषण स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग के (आईसीडीएस) कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु सतत प्रयास किये जा रहें हैं।

बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार पायलट वितरण शुभारम्भ कार्यक्रम के अवसर पर निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) वासुदेव मलावत, पाथ के डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर एंड हेल्थ सिक्योरिटी डॉ. अंकुर मुथरेजा तथा हार्वेस्ट प्लस, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर रविंद्र ग्रोवर सहित गणमान्य जन उपस्थित रहें।

उप मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान के तहत किया पौधरौपण—

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर के सेक्टर- 8 के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित आंगनबाडी केन्द्र में हरियालो राजस्थान के तहत किया पौधारोपण किया।

# सरस्वती विहार आवासीय योजना,90 आवंटन सहमांग पत्र किए जारी

## जेडीए में किया शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सरस्वती विहार आवासीय योजना के सफल आवंटियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर 15 जुलाई, 2025 को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर का आयोजन कर 90 आवंटन सहमांगपत्र जारी किये गये। यह शिविर 16 जुलाई, 2025 को भी जारी रहेगा। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि सरस्वती विहार आवासीय योजना की लॉटरी दिनांक 02.07.2025 को निकाली गई थी। जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जाने हेतु दो दिवसीय शिविर प्रात: 10.00 बजे से नागरिक सेवा केन्द्र के हॉल में शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस हेतु 15 जुलाई, 2025 को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर को आयोजन किया गया, जिसमें सफल आवंटियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर 90 आवंटन सह मांग पत्र जारी किये गये। उक्त शिविर 16 जुलाई, 2025 को भी निरंतर जारी रहेगा। सफल आवंटी जेडीए वेबसाईट पर दस्तावेज आनलाईन (स्वयं/ई—मित्र के माध्यम से) अपलोड करने के उपरांत ही जविप्रा परिसर में आयोजित शिविर में मूल दस्तावेज परीक्षण हेतु प्रस्तुत करें। इसके पश्चात जेडीए द्वारा आयोजित शिविर में आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जावेगें। उक्त योजना के समस्त सफल आवंटी आवेदन फॉर्म में अंकित विवरण अनुसार कैम्प तिथि को समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित हो रहे है।

# विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों सहित परिजन और शिक्षकों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में स्थित साइंस पार्क ऑडिटोरियम शास्त्री नगर में साहस 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन गोवा सोसायटी के सचिव डेन्ज़िल नाज़रेथ के सानिध्य में किया गया।इस कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में सिटी पैलेस जयपुर की मुख्य ट्रस्टी रमा दत्त, प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनियां, एडवाइस से एन.के. यादव , भाजपा राजस्थान के श्योपत सिंह कायल, एफटीआईआई राजस्थान की निहारिका शर्मा,डॉ. अर्चना भार्गव , चैतन्य से प्रवासी संघ प्रदेश संयोजक स्वप्ना मुखर्जी और नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष काजल सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि टॉपर्स विद्यार्थियों की माताओं एवं उनके विषय अध्यापकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। प्रवासी संघ की ओर से सभी विद्यार्थियों की माताओं को सम्मान का प्रतीक स्वरूप एक विशेष मेडल भेंट किया गया। जिसने सभी उपस्थित जनों के हृदय को भावविभोर कर दिया। मातृशक्ति के योगदान को इस रूप में मंच पर मान्यता देना एक सराहनीय पहल रही। कार्यक्रम ने न सिर्फ विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया, बल्कि उनके पीछे खड़ी प्रेरक शक्तियों – माताओं और शिक्षकों – को भी सामाजिक मंच पर विशेष स्थान देकर समाज के समग्र विकास की भावना को बल प्रदान किया।

## आवासन आयुक्त ने मानसून में व्यवस्थाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक ली

# सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान करने के लिए मण्डल प्रतिबद्ध- आयुक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने मंगलवार को मंडल के सभागार में विभागीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में आवासन आयुक्त ने वर्षाकाल की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।डॉ. शर्मा ने अतिवृष्टि की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवासन मण्डल की समस्त परियोजनाओं में सुरक्षा और सुचारु प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विशेष रूप से क्षतिग्रस्त सड़कों, खुले मेनहोल, झूलते विद्युत बॉक्स और असुरक्षित केबल्स की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके । उन्होंने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की कड़ाई से पालना करते हुए श्रमिकों और राहगीरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए भी निर्देशित किया । उन्होंने विद्युत प्रबंधन को अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि के दौरान मण्डल की आवासीय योजनाओं में विद्युत आपूर्ति में कोई व्यवधान न आए, इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएं, कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा जाए और पूरे सिस्टम की सघन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे मौके पर रहकर निगरानी करें और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। मण्डल के सभी अधिकारी तत्परता और सजगता से कार्य करें, मण्डल अपने रहवासियों के जीवन को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । बैठक में मुख्य अभियंता मुख्यालय श्री टीएस मीणा , मुख्य अभियंता— प्रथम श्री अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता श्री प्रतीक श्रीवास्तव , वित्तीय सलाहकार श्री रोहिताश यादव सहित मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे व जिलों से अभियंता वीसी के माध्यम से जुड़े ।

# राजस्थान के युवा प्रिंस सैनी ने रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान जोधपुर जिले के भोपालगढ़ क्षेत्र के किसान परिवार के युवा प्रिंस सैनी ने इतिहास रच दिया। उनके द्वारा चलाई जा रही हार्वेस्ट कंपनी एवं उसकी डिजिटल करेंसी को आज एक ग्लोबल पहचान मिली है।हार्वेस्ट के फाउंडर डायरेक्टर प्रिंस सैनी ने बताया कि मैं और मेरी टीम लम्बे समय से इस प्रोजेक्ट पर लगे हुए थे। बहुत लंबे इंतजार के बाद आज हमारा डिजिटल कॉइन एचवीटी दुनिया के एल बैंक एक्सचेंज पर लिस्ट हो गया है। इस सफलता से मुझे मेरी टीम पर गर्व है और राजस्थान के युवाओं मे खुशी की लहर है। आज हार्वेस्ट कम्पनी के एचवीटी कॉइन लिस्टिंग के उपलक्ष्य मे भोपालगढ़, जोधपुर, पाली, जैतारण, बर, ब्यावर, जयपुर के युवाओ पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की और प्रिंस सैनी को बधाई दी।उन्होंने आगे बताया कि आज हार्वेस्ट कम्पनी का एचवीटी कॉइन भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे एल बैंक एक्सचेंज पर 4 डॉलर में लिस्टिंग होकर 9 डॉलर तक चल रहा है इस प्रोजेक्ट एवम् इस कॉइन को लेकर सभी में उत्साह है और युवाओं द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। इसी तरह अगर ये कॉइन युवाओं की पसन्द रहा तो आने वाले समय मे ये कॉइन एचवीटी बहुत बड़ी ऊंचाइयों को छुएगा।गौरतलब है कि कुछ ही महीनों पहले हार्वेस्ट कंपनी द्वारा जयपुर के एक भव्य होटल में डिजिटल करेंसी की जोर शोर से लॉन्चिंग की गई थी, जिसके कुछ महीनों बाद ही आज यह करेंसी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर आम जनता के लिए खरीद फरोख्त के लिए मौजूद है।




# पुलिस थाना सांभरलेक की कार्यवाही,हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार

## वाछित 5000-5000 हजार रूपये के 02 ईनामी अपराधियों को किया गिरफ्तार, आरोपिगणो की निशानदेही से वारदात मे प्रयुक्त वाहन एक कार जप्त कर दो लाठीयां की बरामद

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा (नि.स.) । समीपवर्ती सांभरलेक पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास करने के मामले में फरार वांछित 5-5 हजार रुपये के दो ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं। जानकारी देते हुए उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण आंनद शर्मा ने बताया कि परिवादी आबिद पुत्र अब्दुल कबीर जाति मुसलमान उम्र 33 साल निवासी पंचपीरो को मौहल्ला सांभरलेक थाना सांभरलेक जिला जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका मामा मौहम्मद जाकीर अपनी मोटरसाईकिल से अपने खेत से घर आ रहा था, तभी रास्ते में आरोपी ईमरान ने अपने जमीनी विवाद के चलते अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर परिवादी के मामा मौहम्मद जाकीर के साथ लाठियो से गंभीर रूप से मारपीट की है, जिससे वह घायल हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।




पुलिस कार्यवाही विवरण:- प्रकरण में पुलिस द्वारा पुर्व में कार्यवाही कर एक आरोपी ईमरान पुत्र अब्दूल सलीम निवासी टीकू की ढाणी तन श्यामी की ढाणी बरडोती थाना सांभरलेक जिला जयपुर को गिरफ्तार कर आरोपी की निशानदेही से वारदात में प्रयुक्त एक लाठी बरामद की गई थी तथा अन्य आरोपी फरार चल रहे थे जिनकी गिरफ्तारी पर 5000 रूपये का ईनाम घोषित कर रखा था। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी सांभरेलक राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए गंभीर मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार आरोपी मौहम्मद नौसाद निवासी नाहरी का नाका शास्त्री नगर जिला जयपुर व आरोपी इस्ताक अहमद निवासी मीणो का टीब्बा नाहरी का नाका शास्त्री नगर जिला जयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है व अभियुक्तों की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त दो लाठी बरामद कर एक कार नंबर ऋछ्व14 ष्टछ्व 0910 को दिनांक 15 जुलाई को जप्त किया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## 17 जुलाई को आयोजित होगा सहकार एवं रोजगार उत्सव

# सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होगा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 17 जुलाई को जयपुर जिले के दादिया ग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे सहकार एवं रोजगार उत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन, पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जयपुर पुलिस कमिश्नर श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ, सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सहित अन्य अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।



सहकारिता मंत्री दक ने आयोजन की व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से काम करते हुए सभी व्यवस्थाएं बेहतर रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आगन्तुकों के पहुंचने, बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। साथ ही, आगन्तुकों के लिए चाय-बिस्किट एवं छाछ का बंदोबस्त किया जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही चिकित्सा सुविधा के अनुकूल बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। श्री दक ने कहा कि आगन्तुकों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर हैल्प डेस्क और कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए। साथ ही, नेहरू सहकार भवन में स्थापित किये गए कंट्रोल रूम भी चौबीस घंटे कार्य करते हुए निरन्तर सूचनाओं का आदान-प्रदान करे।

दक ने कार्यक्रम स्थल पर प्रत्येक ब्लॉक में पानी के कैम्पर रखे जाने के निर्देश दिए। साथ ही, आगन्तुकों की सुविधा के लिए जगह-जगह पथ प्रदर्शक पट्ट लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन से समन्वय कर विशिष्टजनों के प्रवेश पास आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पार्किंग में भी एलईडी स्क्रीन्स लगवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम के दृष्टिगत भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं पार्किंग आदि की व्यवस्था से अवगत कराया। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती मंजू राजपाल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में 40 स्टॉल्स लगाई जाएंगी, जिन पर सहकारी संस्थाओं के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिला प्रशासन के स्तर पर की जा रही व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए कहा कि कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड निवाई**

क्रमांक:1491-1500 दिनांक:7.7.2025

**निविदा सूचना संख्या : 07/2025-26 खण्ड निवाई**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड निवाई में सड़क/भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृक्त संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के (ए) एवं (एए), (बी), (सी), (डी) श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code No.PWD2526A1809
UBN No. PWD2526WSOB06458

अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि.खण्ड निवाई

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग**

जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम, एन.बी.सी.के सामने,शान्ति नगर हसनपुरा जयपुर
दुरभाष नम्बर-01412221802 ई मेल.eephedddijaipur@yaoo.co.in

क्रमांक:-2785 दिनांक:-07/07/25

**निविदा संशोधन सूचना**

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2588-2608 दिनांक 25.062025 के द्वारा निविदा संख्या 65-66/2025-26 आमंत्रित की गई थी। जिसको ऑनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से दिनाक 08.07.2025 तक सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड़/अपलोड़ किये जाकर दिनांक 9.7.2025 को तकनीकी बिड खोली जानी थी। उक्त निविदा अब http://eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 17.7.2025 तक सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड़/अपलोड किये जाकर दिनांक 18.7.2025 को तकनीकी बिड खोले जाने का आंशिक संशोधन किया जाता है।

R.O.No 9210.07.07.2025

DIPR/C/9597/2025

अधिशाषी अभियंता
जन स्वा.अभि.विभाग,
जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम,जयपुर

## ऐश्वर्या कॉलेज में ट्रेनिंग और प्लेसमेंट फॉर अवेयरनेस ऑफ स्टूडेंट पोस्ट्स एंड स्टूडेंट्स प्रोग्राम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या कॉलेज में ट्रेनिंग और प्लेसमेंट फॉर अवेयरनेस ऑफ स्टूडेंट पोस्ट्स एंड स्टूडेंट्स प्रोग्राम विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को विभिन्न छात्र पदों, उनके कार्यों और प्लेसमेंट से संबंधित जानकारी प्रदान करना रहा।कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है और यह उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों हेतु इसी विषय पर एक जानकारीपूर्ण पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्र नेतृत्व, संचार कौशल और प्लेसमेंट की तैयारी से जुड़ी अहम जानकारियां साझा की गईं।कार्यक्रम में विभव अमेटा, हर्षित देवड़ा, प्रियंका पटेल सहित कई छात्र उपस्थित रहे ,जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।



## महिलाओं ने प्रज्ञा चक्षु विद्यालय में बच्चों के साथ बिताया एक दिन,उनके साथ खेलकूद प्रतियोगिता की

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सखी क्लब मितवा सोसायटी ने आज अंबामाता स्थित प्रज्ञा चक्षु विद्यालय के बच्चों के साथ एक दिन बिताया उनके साथ खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की। उन्हें आत्मीय भाव से भोजन कराया।सोसायटी की संरक्षिका मंजू सिंघटवाड़िया ने बताया कि उनके साथ एक दिन बितानें के पीछे मुख्य उद्देश्य यही कि उन्हें भी आत्मसम्मान का भाव अनुभव हो और वे प्रोत्साहित हो।सह संरक्षिका सुनीता मोदी व निधि कुमट ने सभी को पुरूस्कार प्रदान किये। कार्यक्रम में मुख्य सहयोग नीतू सरूपरिया व रंजना चौधरी का रहा। इस अवसर पर मोनिका नाहर,मधु भण्डारी,तनु शुक्ला,रीमा माण्डावत, रेखा असावा व रेखा चोर्डिया सहित अनेक सदस्याएं मौजूद थी।

## जिला व मंडल कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली दक्षिण मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह आदाली भौनावास के नेतृत्व में मंगलवार को जयपुर देहात उत्तर की कोटपूतली जिला कार्यकारिणी व विराटनगर दक्षिण मंडल की जिला कार्यकारिणी का सम्मान समारोह टसकोला के जीण माता मंदिर में आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष रिशाल सिंह, सुरेश गठाला, जयराम गुर्जर, विनोद सिंह, जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा समेत मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंडल कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष गोदाराम स्वामी, रामनिवास गुर्जर, सुखवीर सिंह तंवर, विमल कंवर, राजेंद्र शर्मा, महामंत्री एडवोकेट अशोक गुर्जर, रवि शर्मा, मंत्री हरदयाल यादव, महेंद्र स्वामी, रतन कंवर, कृष्णा देवी, विकास योगी, नथू सिंह तंवर, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस दौरान जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, लीलाराम पीटीआई, संदीप सिंह, प्रदीप, झाबरमल स्वामी, रतन सिंह, धर्मसिंह भैसलाना, रामकरण गुर्जर, सुरेश सिंह फतेहपुरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। राजेंद्र सिंह आदाली भौनावास ने कहा कि जिला कार्यकारिणी व मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को मिलकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करना होगा।



## मास की कृष्ण पक्ष पंचमी पर महिलाओं ने की नाग देवता की पूजा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्रावण मास की कृष्ण पक्ष पंचमी पर अग्रवाल समाज की महिलाओं ने आज नागदेव की पूजा की। मंगलवार को मुख्य डाकघर के पास स्थित पाताली हनुमान मंदिर में सुबह 5 बजे से ही महिलाएं पूजन के लिए पहुंचने लगीं। सुबह 10 बजे तक मंदिर में महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गई।मंदिर के पुजारी शैलेन्द्र भारद्वाज के अनुसार, शहर की विभिन्न कॉलोनियों से महिलाएं पूजन की थाली लेकर मंदिर आईं। अधिकतर महिलाएं सामूहिक रूप से मंगल गीत गाते हुए पहुंचीं। उन्होंने दीवार पर नागदेव की आकृति बनाकर विभिन्न सामग्री से पूजा की। पूजन के बाद महिलाओं ने मंदिर परिसर में नागदेव की कथा का पाठ भी किया। मंदिर के सभी मार्गों पर पूजन सामग्री लेकर जाती हुई महिलाएं दिखाई दीं।महिला श्रद्धालु ज्योति गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल समाज की महिलाओं ने नागदेव की पूजा कर परिवार की खुशहाली की कामना की। कई महिलाएं अपने परिवार के साथ पूजन के लिए आईं।



## राजसमंद को मिली अनमोल सौगात जिले का पहला फार्मेसी कॉलेज स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के युवाओं के लिए सावन का यह पर्व विशेष सौगात लेकर आया। जिले के इतिहास में पहली बार फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की गई है। इस पहल के सूत्रधार डॉ. योगेश कुमार पालीवाल ने बताया कि कॉलेज की चार्ट सीट (मान्यता) स्वीकृत हो चुकी है और प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुक है। डॉ. पालीवाल ने बताया कि लंबे समय से जिले के कई बच्चे उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने में असमर्थ रहते थे, विशेषकर गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे। ऐसे में राजसमंद में फार्मेसी कॉलेज की स्थापना से उन्हें घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनकी यह सिर्फ शुरुआत है और भविष्य में वे जिले में और भी कई महाविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान लाने की योजना बना रहे हैं, जिससे यहां के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकें।फार्मेसी के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थी कई प्रकार की भूमिकाओं में अपना करियर बना सकते हैं।यहाँ कुछ मुख्य क्षेत्र बताए जा रहे हैं।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का राजसमंद दौरा

# .एसआरके राजकीय महाविद्यालय में 1.22 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 5 कक्ष-कक्षों का भव्य लोकार्पण, 22 छात्राओं को मिली स्कूटी तो खिले चेहरे

## .ये प्रयास हमारी सोच, प्रतिबद्धता और शिक्षा के प्रति हमारे विश्वास का प्रतीक - डॉ बैरवा, .बेटियां अपनी शिक्षा के लिए किसी पर निर्भर नहीं, वे स्वयं अपने सपनों को साकार करेंगी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मंगलवार को उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने राजसमंद जिले को शिक्षा के क्षेत्र में कई सौगातें दी। उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय, राजसमंद में 1 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से निर्मित 5 नवीन कक्षों का लोकार्पण किया। साथ ही कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 22 छात्राओं को स्कूटी भेंट की जिसके पश्चात उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। छात्राओं ने मुस्कुरा कर कहा कि वे अब आत्मनिर्भर होंगी और दूरी अब शिक्षा में बाधा नहीं होगी।



इस अवसर पर सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, उप जिला प्रमुख सोहनी देवी, प्रधानाचार्य डॉ सुमन बडोला आदि मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नवीन कक्षा कक्ष आत्मनिर्भरता की नींव है जो युवाओं को विकसित भारत में भागीदार बनाएंगी। स्कूटी के माध्यम से बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगी और निर्बाध शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। मेवाड़ की धारा पर आकर वे सदैव अनुभूत करते हैं कि राजस्थान का भविष्य उज्ज्वल है जिसका आधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन केवल एक शिलान्यास या उद्घाटन का दिन नहीं है, यह दिन हमारे सोच, हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और शिक्षा के प्रति हमारे विश्वास का प्रतीक है। आज मेवाड़ की इस पवित्र और ऐतिहासिक धरा पर खड़े होकर मैं यह स्पष्ट रूप से अनुभव कर रहा हूं कि राजस्थान का भविष्य उज्ज्वल है और उसका आधार उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा ही है।

यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ये कक्षाएं उस नवाचार, उस आत्मनिर्भरता और उस आत्मविश्वास की नींव हैं, जो हमारे युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बना रही हैं। आपके महाविद्यालय में 1,737 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 788 छात्र और 949 छात्राएं हैं। यह इस बात का संकेत है कि हमारी बेटियां शिक्षा के प्रति सजग, जागरूक और प्रेरित हैं और इसी विश्वास को और बल देने हेतु आज हम स्कूटी भी वितरित कर रहे है।

**सांसद और विधायक ने की विकास कार्यों की घोषणा**

कार्यक्रम में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ द्वारा महाविद्यालय ग्राउंड के विकास कार्य के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की गई। इसी तरह राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी द्वारा 10 लाख रुपए की घोषणा नवीन स्टेट ऑफ आर्ट लाइब्रेरी के लिए की गई। दोनों घोषणाओं के पश्चात तालियों से पांडाल गूंज उठा और सभी ने जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

**कृषि महाविद्यालय के लिए जताया आभार**

राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मंच से कृषि महाविद्यालय की सौगात देने के लिए उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा का आभार जताया। माहेश्वरी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री बैरवा सदैव ही आमजन की परेशानियों को लेकर चिंतित रहते हैं। अपने निवास पर भी वे प्रतिदिन अधिकतम लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने छात्र-छात्राओं को आज के दौर में सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचते हुए अध्ययन और खेल संबंधी गतिविधियों पर ध्यान देने की अपील की।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा, सहायक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा श्री सतीश आचार्य, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, समाजसेवी गोपाल कुमावत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष देवेश पालीवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला नोडल स्कूटी प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार बासोतिया ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। मंच संचालन महाविद्यालय की डॉ. विभा शर्मा और श्री विजेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. दुर्गेश शर्मा, डॉ. प्रतीक विजय डॉ. गोपाल लाल कुमावत, डॉ. मनदीप सिंह डॉ. अनिल कुमार कालोरिया, श्रीमती खुशबू, श्री दयाशंकर, सुनील कुमार सोनी, विजय कुमार रेगर, नारायण लाल कुमावत, नेमीचंद, तरुण कुमार, मुकेश कुमावत एवं महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूल के खेल मैदान में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

### घटनास्थल पर मिली कीटनाशक की बोतल, आत्महत्या की आशंका,मृतक की शिनाख्त भांकरी निवासी बलवीर चौधरी के रूप में हुई

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के खेल मैदान में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेते हुए पावटा उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस को घटनास्थल से एक कीटनाशक दवा की बोतल भी मिली है और मृतक के मुंह से झाग निकलते पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की शिनाख्त बलवीर पुत्र गुल्लाराम चौधरी निवासी भांकरी के रूप में हुई है। बलवीर तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह खेती-किसानी करता था और समय-समय पर मजदूरी के लिए दिल्ली भी जाता था। हेड कॉस्टेबल विनोद यादव ने बताया कि एम्बुलेंस चालक अनिल बादशाह ने दूरभाष से सूचना दी कि पावटा सरकारी स्कूल के खेल मैदान में एक शव पड़ा है। मौके पर जाकर देखा तो पास में एक कीटनाशक की बोतल पड़ी मिली और मृतक के मुंह से झाग निकल रहे थे। पर्स की तलाशी लेने पर मिले दस्तावेजों से मृतक की पहचान की गई और परिजनों को दूरभाष के माध्यम से सूचित कर मौके पर बुलाया। मृतक के भाई मालीराम चौधरी ने बताया कि बलवीर सोमवार को ही दिल्ली से घर लौटा था। मंगलवार सुबह प्रागपुरा पुलिस से सूचना मिली कि उसका शव स्कूल के मैदान में पड़ा है। ऐसा लगता है कि उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या की है। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण यादव ने बताया कि मामला संदिग्ध है, पुलिस ने सभी एंगल से जांच शुरू कर दी है और मृतक के शव का राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा में मेडीकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि की जा सकेगी।



## बरसात के पानी ने बढ़ाई परेशानी: मिश्रावाली में सड़क पर जलभराव से लोगों को हो रही मुश्किलें

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के मंगल्याली पाऊ होते हुए भूरीभड़ाज की ओर जा रहे एमडीआर सड़क स्थित ढ़ाणी मिश्रावाली के आम रास्ते में बरसात का पानी अत्यधिक मात्रा में जमा होने से आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी दिनेश कुमार ब्रजेश ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में इस रास्ते को सड़क की स्वीकृति जारी की गई थी और सड़क निर्माण का टेंडर भी जारी हो चुका था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस रास्ते का सड़क निर्माण कार्य बीच में ही बंद हो गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस रास्ते की हालत बरसात के पानी से दलदल जैसी हो गई है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करवाने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।



## उदयपुर के सुर संगम संस्था की बालिकओं ने वियतनाम के हनोई में किया प्रदर्शन,जीते पुरूस्कार

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन हिंदुस्तान कला एवं संगीत सोसायटी ने हनोई सांस्कृतिक केंद्र में भारत संस्कृति यात्रा के 555वें संगीत समारोह का आयोजन किया। जिसमें उदयपुर के सुर संगम संसथा की बालिकओं ने वहां अपनी नृत्य कला का प्रदर्यान किया। इस कार्यक्रम में भारतीय राजदूत संदीप आर्य, मिशन की उप-प्रमुख सुश्री टी. अजंगला जमीर और एसवीसीसी की निदेशक डॉ. मोनिका शर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और भारत-वियतनाम संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भूमिका पर ज़ोर दिया।

सुर संगम की रेणु गोरेर ने बताया कि इस संध्या की शुरुआत सुर संगम नृत्य अकादमी के मनमोहक प्रदर्शन से हुई, जिसने जीवंत ऊर्जा और भव्यता से मंच को सुसज्जित कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने भारतीय शास्त्रीय परंपराओं की समृद्धि को प्रदर्शित किया और दर्शकों से हार्दिक सराहना प्राप्त की। सुर संगम अकादमी की छात्राओं नंदिनी त्रिवेदी और कामाक्षी मीना ने क्रमशः शास्त्रीय कथक वरिष्ठ और कनिष्ठ वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपनी गुरु श्रीमती रेणु गोरेर के साथ एक सुंदर ठुमरी भी प्रस्तुत की।

अन्य उल्लेखनीय विजेताओं में लोक नृत्य जूनियर में द्वितीय स्थन पर काव्या चौहान, सेमी-क्लासिकल - ओपन में द्वितीय रही सीमा पाल, और सेमी-क्लासिकल - जूनियर में द्वितीय रही ध्रुति विश्वकर्मा शामिल थीं, जो भारतीय शास्त्रीय और लोक कलाओं में उभरती प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए महोत्सव की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




# पटेल स्कूल सभागार भामाशाह द्वारा जीर्णोद्धार पश्चात लोकार्पित

### ब्यावर सेवा और सहयोग के अनूठे जज्बे का शहर : कलक्टर. जिले की धरोहर विकास में प्रशासन की सोच व प्रयास निखार लायेंगे : विधायक

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। भारतीय सांस्कृतिक निधी (इन्टैक) ब्यावर अध्याय के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय सभागार का क्षेत्रीय विधायक शंकरसिंह रावत के मुख्य आतिथ्य तथा जिला कलक्टर कमलराम मीणा की अध्यक्षता में भामाशाह संजय गर्ग व गणपत सर्राफ ( स्वर्ण गंगा तथा कनक सागर ज्वैलर्स परिवार) द्वारा कराये गये जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण किया गया। समारोह के विशिष्ठ अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी( माध्यमिक)अजय गुप्ता एवम (प्रारम्भिक) अनिल शर्मा सहित नप राजस्व अधिकारी विकास कुमावत आमंत्रित रहे।




समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शंकरसिंह रावत ने कहाकि ब्यावर की बसावट इसके संस्थापक कर्नल चार्ल्स डिक्सन की सुन्दर सोच तथा वास्तु शिल्प की बहुत ही गहरी सूझबूझ का प्रमाण है। ब्यावर जिले के ही टॉडगढ़ में रहकर कर्नल टॉड ने राजस्थान का इतिहास लिखा और सबसे पहले इसे राजपुताना नाम दिया। इस जिले की ऐतिहासिक महत्ता है और स्वाधीनता संग्राम में इसका भारी योगदान है। मगरे के बहादुर युवा मातृभूमि की सेवा हेतु सेना की नौकरी को प्राथमिकता से चुनते हैं। यह औद्योगिक विकास की उर्वरा भूमि है। इस जिले के विकास में प्रशासन की सकारात्मक सोच और दूरगामी दृष्टिकोण वाले निर्णय इसकी मजबूत नींव का कार्य करेंगे। विधायक ने जिला प्रशासन से शहरवासियों के आवागमन के सुगम सिटी हाइवे के निर्माण की भी जरूरत बताई और कहाकि जिले को हर लिहाज से सक्षम व समृद्ध बनाने में अधिकारियों की अच्छी भूमिका सदा याद की जायेगी।इस अवसर पर विधायक श्री रावत ने शिक्षा व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भामाशाह संजय गर्ग व गणपत सर्राफ परिवार को भी धन्यवाद दिया और कहाकि युवा पीढी के सपनों को साकार करने में आपके अर्जित धन का एक अंश भी काम आता है तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर कमलराम मीणा ने बहुत ही प्रेरक उद्गार व्यक्त करते हुए कहाकि दान में सबसे उत्तम शिक्षा दान कहा गया है। शिक्षा के किसी भी तरह के विकास में किया गया खर्च समाज को आगे बढ़ाने पर किये निवेश की तरह है और इस योगदान का पुण्य सबसे बड़ा है। उन्होंने इन्टैक कन्वीनर के प्रयासों को भी धरोहर संरक्षण की दिशा में सराहनीय बताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम् गायन से किया गया। प्रिंसीपल अब्दुल हनीफ खान ने स्वागत भाषण दिया और पटेल स्कूल की जल निकासी की समस्या की ओर ध्यान दिलाया। युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रशान्त पाबूवाल ने स्व. शुभम गर्ग का परिचय देते हुए बताया कि व्हील चेयर पर ही जीवन बिताने वाले प्रतिभावान युवा ने कैसे एक लिफ्ट को डिजाइन किया तथा अपनी इच्छाशक्ति के दम पर स्वयं ने ऑनलाइन आवेदन कर एडमिशन होने पर तीन माह जयपुर रहकर कोर्स पूरा किया। स्कूल सभागार का जीर्णोद्धार उनकी पुण्य स्मृति में परिवार ने कराकर समाज को नई प्रेरणा दी है। भामाशाह संजय गर्ग व गणपत सर्राफ ने भी अपने विचार रखे।

# प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह दरगाह कपासन की नवगठित कमेटी का माल्यार्पण एवं दस्तारबंदी के साथ स्वागत किया

## 84वें उर्स की तैयारियों को लेकर नवगठित दरगाह कमेटी की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की नवगठित दरगाह कमेटी की मंगलवार को 84वें उर्स की तैयारियों को लेकर हेतु बैठक का आयोजन किया गया। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास मंसूरी अशरफी ने बताया कि राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ जयपुर द्वारा नवगठित दरगाह कमेटी के सदस्य एवं पदाधिकारी रूप में अनवर अहमद छीपा सदर,मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी, मुबारिक हुसैन शैख,नायब सदर, मोहम्मद अब्बास मंसूरी सचिव, अब्दुल वाहिद अंसारी खजांची,सैयद ऐजाज अली, महबूब शाह, शराफत हुसैन भाटी, मंसूर अहमद ओठवाल, शब्बीर हुसैन पुंवार, हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, सैयद अख्तर अली बुखारी, अब्दुल शकूर अंसारी, जेनुलहसन अंसारी, मोहम्द असलम शैख, मोहम्मद शरीफ मेवाती, जाकीर हुसैन अंसारी, अशफाक तुर्किया, नदीम हुसैन शैख, वहीद अशरफी, इकबाल रंगरेज, अकरम मंसूरी, मोहम्मद अकरम छीपा, इरफान सिलावट को नियुक्त किया गया है। दीवाना शाह दरगाह की नवगठित कमेटी की 84वें उर्स की तैयारियों को लेकर सदर अनवर अहमद छीपा की अध्यक्षता में तिलावते कलामे पाक से बैठक प्रारंभ हुई। उल्लेखनीय है कि 25 मोहरर्म 21 जुलाई 2025 सोमवार बाद नमाजे असर के अलम पेश करने की रस्म अदा की जायेगी। साथ ही 6 सफर से 8 सफर 1 से 3 अगस्त 2025 तक 84वां उर्स हर्षोउल्लास के साथ मनाया जायेगा।इस दौरान कमेटी सदस्यों द्वारा सुझावों के साथ सर्वसम्मती से प्रस्ताव पारित कर बाबा हुजूर का उर्स परम्परानुसार मनाया जाये। जिससे आने वाले जायरीने दीवाना एवं मेहमानाने दीवाना को किसी प्रकार तरह की व्यवस्थाओं में असुविधा ना हों। सोमवार प्रात: दरगाह शरीफ के सभी गल्ले तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा,राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ जयपुर के प्रतिनिधी मौसिन गौड़, फैजान खाँ एवं कमेटी सदस्यो की उपस्थिति मे खोले गये। इसके बाद उपस्थित गणमान्यजनो एवं बैंक कार्मिको द्वारा राशि की गणना की गयी। जिसमे गल्ला शरीफ एवं देग से कुल 43,18,345 रूपये प्राप्त हुवे। बाबा हुजूर के शेदाई पाली के कचहरी वाले बाबा के गद्दी नशीन हुसैन छीपा एवं सदस्यीय दल द्वारा नवगठित दीवाना शाह दरगाह वक्फ कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यो को माला पहनाकर दस्तारबंदी की गयी।



# मंसूरी ब्रदर्स का 8वां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** स्थानीय मंसूरी ब्रदर्स ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रविवार को आठवां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न करवाया। परिवार के हाजी उमर मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार गुल अली बाबा की दरगाह स्थित जमातखाने में फजर की नमाज के बाद पेश इमाम इमरान साहब, साकिब साहब, सलीम अकबरी साहब और दारुल उलूम के अख्तर रज़ा साहब द्वारा 11 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। मंसूरी परिवार ने घोषणा की है कि अब हर माह 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। अगला सम्मेलन 10 अगस्त को प्रस्तावित है। कार्यक्रम का संचालन परिवार के संरक्षक इमामुद्दीन मंसूरी के मार्गदर्शन में किया गया और समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद के पूर्व प्रतिपक्ष नेता अब्दुल सलाम मंसूरी ने की। आयोजन के प्रबंधक रशीद खान पठान ने बताया कि मंसूरी ब्रदर्स अब तक 264 जोड़ों का निःशुल्क निकाह सम्पन्न करवा चुके हैं। पहले के सम्मेलनों में मंसूरी परिवार ने अपने परिवार के विवाह योग्य सदस्यों की शादी भी अन्य जोड़ों के साथ ही करवाई थी। अब परिवार में कोई विवाह योग्य सदस्य नहीं है, इसलिए उन्होंने सामाजिक सरोकार के तहत हर माह 11 जोड़ों की शादी कराने की जिम्मेदारी ली है। इस बार सम्मेलन को सफल बनाने वाले प्रमुख समाजसेवियों मोहम्मद शकील गोरी, सोहराब गोरी, मुस्ताक मंसूरी, मोहम्मद अली मंसूरी और मोहम्मद आरिफ मंसूरी की दस्तारबंदी कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# नपा कपासन पार्षद पुष्पा वैष्णव के आवास पहुंचकर सांसद जोशी ने शोक व्यक्त कर सांत्वना दी



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका कपासन पार्षद पुष्पा वैष्णव की सासूमां का स्वर्गवास होने पर क्षेत्रीय सांसद जोशी द्वारा इनके आवास पर उपस्थित होकर शोक व्यक्त कर सांत्वना दी गयी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने बताया कि चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका कपासन पार्षद पुष्पा वैष्णव की सासूमां राधा देवी वैष्णव का शुक्रवार रात्रि स्वर्गवास हो गया। इसके बाद चितौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने सोमवार को नगर कपासन आदर्श कॉलोनी स्थित इनके निजी आवास पर पहुंचकर राधा देवी के पुत्र अशोक वैष्णव एवं कैलाश वैष्णव से मिलकर शोक व्यक्त करने के साथ परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद जोशी के साथ ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रमोद बारेगामा, नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय, सोहन खटीक, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार, भाजयुमो कपासन अध्यक्ष विकास बारेगामा, भाजपा एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल, नगर पालिका पार्षद मुकेश पलोड़, पार्षद प्रतिनिधि शंभूलाल बागड़ा, चेतन शर्मा, कैलाश अहीर, प्रकाश चौधरी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न, दो मामलों में 6.25 लाख रुपये प्रतिकर राशि स्वीकृत



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम-2011 के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अवकाशागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने की। प्राधिकरण के सचिव एवं अपर सत्र न्यायाधीश विशाल भार्गव ने जानकारी दी कि बैठक में पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत लम्बित कुल 65 आवेदन पत्रों पर विचार किया गया। समिति ने इनमें से दो आवेदनों को प्रतिकर के योग्य पाते हुए कुल 6.25 लाख रुपये की प्रतिकर राशि स्वीकृत करने के आदेश जारी किए। बैठक में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संख्या 2 के न्यायाधीश मुजफ्फर चौधरी, पारिवारिक न्यायालय संख्या 1 के न्यायाधीश शंकर लाल मारू, श्रम न्यायालय के न्यायाधीश सुशील कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगेंद्र सिंह, बार संघ अध्यक्ष राजेश शर्मा और राजकीय अभियोजक रघुनंदन सिंह कानावत भी उपस्थित रहे। बैठक में संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा कर पात्र आवेदकों को शीघ्र सहायता प्रदान करने पर जोर दिया गया।

# स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन कपासन के व्यवसायियों की नवीन कार्यकारिणी का गठन

## सर्वसम्मति से भवानीशंकर लोहार अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन केबिन के व्यवसायियों द्वारा सर्वसम्मति से मंगलवार को यूनियन की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया जानकारी अनुसार स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन केबिन के व्यवसायियों की बैठक का नगर के मुख्य मार्ग स्थित गांधी वाटिका कपासन परिसर में आयोजन किया गया।जिसमे उपस्थित स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन केबिन के व्यवसायियों एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी गठित करने प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान सदस्यों द्वारा निर्विरोध स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन कपासन के अध्यक्ष पद पर समाजसेवी भवानीशंकर लोहार को नियुक्त किया गया। साथ ही नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अयूब खान भिस्ती, महामंत्री श्यामलाल लोहार,सचिव रमेशचंद्र भांड, कोषाध्यक्ष दिलावर खान, कार्यालय मंत्री मंजूर खान भिश्ती सहित कार्यकारिणी में रहीम खान मेवाती, कुलवंत सिंह सरदार, आरिफ खान मेवाती, जमनालाल कच्छावा, अब्दुल मजीद, शाहिद तुर्कीया, रमेशचंद्र लोहार को सदस्य नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर रईस खान, हेमराज रेगर, मिट्ठूलाल शर्मा, सद्दाम खान, साकिब, इकबाल हुसैन, दिलावर, शराफत खान, शेरू भाई, सोनू शर्मा, पुखराज गर्ग, देवीलाल भील, पवन कुमार न्याति, नंदराम वैष्णव, रामलाल मेघवाल, कन्हैया लाल कच्छावा आदि स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन केबिन संबंधी व्यवसायी उपस्थित रहे। साथ ही यूनियन सदस्यों से आगामी रणनीति पर कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की गयी।

# बूंदी में चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** पुलिस ने 9 जुलाई, 2025 को बस स्टैंड पर मोहित सैनी पर हुए जानलेवा चाकू हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद शाहिद उर्फ बिट्टू गंजा और मोहम्मद अरबाज के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 22 साल है और वे कागदी देवरा, बूंदी के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि पीड़ित अंकित सैनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। अंकित ने बताया कि उसके छोटे भाई मोहित पर बिट्टू ने चाकू से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।कोतवाली थाना प्रभारी भंवर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुफिया जानकारी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला कलेक्टर की पहल

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक माह के पहले, दूसरे और तीसरे गुरुवार को ब्लॉक, उपखंड और जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में तीसरे गुरुवार, 17 जुलाई को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) में किया जाएगा। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देते हुए एक नई पहल की है।

# जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने रामेजी की झोपडियाँ स्कूल को भेंट किए पंखे



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** ऊर्जा ने रामे की झोपडियाँ(बसोली रोड) स्थित सरकारी स्कूल में चार सीलिंग पंखों का वितरण किया। ये पंखे रमेश जी भंडारी के सहयोग से वितरित किये गए है। जेसीआई बूंदी ऊर्जा के अध्यक्ष जेसी अंशुल जैन ने बताया कि यह पहल छात्रों को गर्मी से राहत प्रदान करने और उनके सीखने के माहौल को बेहतर बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि जेसीआई बूंदी ऊर्जा हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रही है और भविष्य में भी ऐसे नेक कार्य करती रहेगी। जेसीआई बूंदी ऊर्जा की टीम ने मंगलवार को स्कूल जाकर पंखों का वितरण किया। एवं साथ ही छात्रों को स्टेशनरी एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई. इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ एवं जे सी आई अध्यक्ष अंशुल जैन, सचिव अंकिता नवल, उपाध्यक्ष सिम्पल भंडारी, पूर्व अध्यक्ष अनुकृति विजय, ख्याति भंडारी, श्वेता भंडारी उपस्थित रहे। इस पहल के माध्यम से जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह किया और छात्रों के लिए बेहतर सीखने के माहौल बनाने में योगदान दिया।

# विश्व हिंदू परिषद की सामाजिक समरसता संगोष्ठी, श्रीराम के जीवन आदर्शों को बताया वर्तमान समाज के लिए मार्गदर्शक

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन रविवार सायं 4:30 बजे माहेश्वरी छात्रावास, भीलवाड़ा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री देव जी भाई रावत, क्षेत्रीय महामंत्री (सामाजिक समरसता) राम सिंह, प्रांत पूज्य महंत मोहन शरण शास्त्री, प्रांत सह प्रमुख विनीत द्विवेदी तथा विहिप जिला अध्यक्ष राम प्रकाश बहेड़िया द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत महानगर कार्यकर्ताओं पवन गुर्जर, कमल राजपुरोहित, प्यारे लाल खोईवाल, अमर सिंह, गौरव जीनगर ने पारंपरिक भगवा दुपट्टा एवं पगड़ी पहनाकर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री देव जी भाई रावत ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र वर्तमान कलियुग में भी अत्यंत प्रासंगिक है। श्रीराम सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। अपने सबसे कठिन वनवास काल में उन्होंने अयोध्या या जनकपुर की बजाय वनवासी समुदायों जैसे केवट, निषाद, कोल, भील, किरात और भालू को अपना सहयोगी और सलाहकार बनाया। जिन्हें आज हम आदिवासी, दलित, पिछड़ा या अति पिछड़ा वर्ग कहते हैं, श्रीराम ने उन्हें %सखा% कहकर संबोधित किया। उन्होंने हनुमान को लक्ष्मण से भी अधिक प्रिय बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आज कुछ राजनैतिक शक्तियां हिंदू समाज को बांटने की साजिश में लगी हैं। वे कालनेमि राक्षस के रूप में समाज को भ्रमित कर हिंदू मूल्यबोध को आघात पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। क्षेत्रीय समरसता प्रमुख राम सिंह ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन के उच्च मूल्यों का मार्गदर्शन करने वाली रचना है। उन्होंने शबरी माता के उदाहरण से समझाया कि श्रीराम ने सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम और भक्ति को ही महत्व दिया। जाति, कुल, धन, बल, बुद्धि सब होते हुए भी भक्ति रहित मनुष्य श्रीराम को निरर्थक लगता है। उन्होंने गिद्धराज जटायु को कर्म के आधार पर पिता तुल्य सम्मान देते हुए उसका अंतिम संस्कार कर यह संदेश दिया कि श्रीराम के लिए कर्म ही प्रमुख है। प्रांत सह समरसता प्रमुख विनीत द्विवेदी ने कहा कि हिंदू समाज में व्याप्त अस्पृश्यता की भावना को समाप्त करना हम सभी का दायित्व है। हमें एक मंदिर, एक शमशान, एक पनघट की भावना को प्रत्येक गांव में जागृत करना है, जिससे सामाजिक एकता सुदृढ़ हो। संगोष्ठी में महानगर उपाध्यक्ष भारत गैंगट ने समरसता गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर सहमंत्री सौम्य मेहता ने किया। कार्यक्रम में प्रांत के बालमुकुंद शर्मा, ओम बूलिया, गणेश प्रजापत, राजकुमार शर्मा, विभाग के विजय ओझा, श्याम ओझा, बाबूलाल सेन सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पवन ठाकुर द्वारा शांति पाठ के साथ किया गया।

# पूर्व मंत्री एवं विधायक कृपलानी के जन्मदिन पर युवामोर्चा द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज़ 21 से

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के 23 जुलाई, बुधवार को आयोजित होने वाले जन्मदिन समारोह के अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी के निर्देशन एवं नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी के नेतृत्व में भाजयुमो निम्बाहेड़ा के द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज 21 जुलाई, सोमवार से होगा। जन्मदिन कार्यक्रम आयोजन से पूर्व तैयारियों को लेकर नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी के नेतृत्व में युवा मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता की बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में विधायक कृपलानी के जन्मदिन को तीन दिवसीय विभिन आयोजन के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके अंतर्गत विधायक कृपलानी के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में गौ शाला में गायों को हरा



चारा खिलाकर गौ सेवा, हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पौधरोपण सहित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। बैठक में नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, चिराग मंत्री, दिनेश सोमानी, उपाध्यक्ष भानु झंवर, ललित साहू, चन्द्रभान सिंह हाड़ा, कमल रावत, रामनिवास जाट, दीपक पाराशर, सोश्यल मीडिया प्रभारी अंकित लखारा, नगर मंत्री हितेश जोशी, ताराचंद माली, राजेश गवारिया, अजय नागदा व दुर्गेश मराठा आदि मौजूद रहे।

## गिरफ्तार आरोपी जे सी भेजे

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर( गोपाल पाठक )**- – धारदार एवं लाठी डंडों से मारपीट करने के आरोपियों को पुलिस ने गत दिवस गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जिन्हें न्यायालय ने जे सी भेज दिया। पुलिस थाना वैर से मिली जानकारी के अनुसार वैर हलैना रोड स्थित मुहारी मोड़ के पास रहने वाले कमलनयन पुत्र मुरली जाति माली ने विष्णु पुत्र मुरली, धारा सैनी पुत्र विष्णु, मनीष कुमार सैनी पुत्र विष्णु के विरुद्ध पुलिस थाना वैर में रिपोर्ट प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि इन लोगों ने धारदार हथियारों एवं लाठी डंडों से मारपीट की है। पुलिस ने नरेंद्र सिंह राजावत उप निरीक्षक के निर्देशन में अशोक कुमार एचसी, व सतवीर, जजवीर सिंह कांस्टेबल की टीम गठित कर आरोपियों को गत दिवस गिरफ्तार कर लिया तथा मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जिन्हें न्यायालय ने जेसी भेज दिया।

## खाद्य विक्रेता का लाइसेंस निलंबन के बाद भी ऊंची दर पर खाद बिक्री जारी

### भारतीय किसान संघ द्वारा सहायक कृषि अधिकारी कामां के माध्यम से संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार को सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कामां/ भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय् )**। भारतीय किसान संघ के बच्चू सिंह, मुरारी लाल ने संघ के तहसील अध्यक्ष यतेन्द्र गुलपाडिया की उपस्थिति में सहायक कृषि अधिकारी कामां के माध्यम से संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दी को ज्ञापन शॉप कर आरोप लगाया है कि 12 जुलाई 2025 को शुभम बीज भंडार कम पर खाद लेने के लिए गए डीलर ने 350 में यूरिया का डी का कट्टा देने को कहा इस पर अतिरिक्त निदेशक देशराज सिंह भरतपुर से दूर भाजपा अवगत कराया जिन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि डीग महिपाल सिंह का दूरभाष नंबर देकर उनसे बात करने को कहा । सहायक कृषि अधिकारी कामां देवकीनंदन मौके पर पहुंचे, अन्य पत्रकार बंधु भी मौके पर उपस्थित हुए। विशेष बात यह है कि संयुक्त निदेशक कृषि अधिकारी डीग द्वारा फॉर्म शुभम खाद बीज भंडार का लाइसेंस 3 जुलाई 2025 को 14 दिवस के लिए निलंबित किया हुआ है। उपरांत इसके उक्त फॉर्म अधिक दर पर किसानों को खाद बेचकर राज्य सरकार के नियमों की अनुपालना नहीं कर रही है ज्ञापन में उचित कार्रवाई करने हेतु अनुरोध किया गया है।



## विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाए -दलबीर सिंह

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए एवं उनकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए साथ ही कक्षा में पढ़ाए गए विषय से संबंधित नियमित रूप से गृह कार्य करना चाहिए एवं स्व अध्याय पर भी ध्यान देना चाहिए साथ ही कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहना चाहिए। यह कहना है संयुक्त निदेशक दलबीर सिंह का। संयुक्त निदेशक दलबीर सिंह एवं एडीपीसी समसा अनित कुमार शर्मा द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर के निरीक्षण अवसर पर कहे। समस्त विद्यालय परिवार से किया श्रीमान संयुक्त निदेशक महोदय द्वारा कक्षा दसवीं में विज्ञान विषय का अध्यापन भी कराया उन्होंने बताया की समस्त वृक्षारोपण ,निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं वर्कबुक वितरण तथा एमडीएम आदि अन्य गतिविधियों से संबंधित निर्देश दिए साथ ही विद्यार्थियों के नियमित उपस्थिति देखकर समस्त स्टाफ एवं प्राचार्य महोदय की प्रशंसा की। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक में कक्षा दसवीं विज्ञान विषय का अध्यापन भी कराया। प्रधानाचार्य हेमचंद गोयल द्वारा समस्त कक्षाओं का निरीक्षण कराने के साथ पीएम श्री से संबंधित समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया एवं विद्यार्थियों के नियमित उपस्थिति के बारे में समस्त स्टाफ द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में भी अधिकारियों को अवगत कराया।



## विश्व युवा कौशल दिवस का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )**। 15 जुलाई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटीआई, महिला आईटीआई एवं आरएसएलडीसी के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं द्वारा युवाओं में स्किल जागरूकता के लिए प्रभात फेरी रैली का आयोजन किया गया। आईटीआई अजमेर के उपनिदेशक अनिल कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि रैली में कौशल विकास से संबंधित स्लोगन बैनर का प्रदर्शन किया गया। रैली को क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक श्री श्याम बाबू माथुर के द्वारा हरी झंडी दिखा करके रवाना किया गया। रैली आयोजन के पश्चात विश्व युवा कौशल दिवस का कार्यक्रम संस्थान हाल में आयोजित किया गया। इसमें प्राविधिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान द्वारा नामित अजमेर जिले की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती अमिता मिश्रा को ब्लेजर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रीमती अमिता मिश्रा के द्वारा आह्वान किया गया कि आईटीआई से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात छात्र-छात्राएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। इससे उनकी स्वयं की आमदनी के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं द्वारा कौशल विकास के संबंध में विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अजमेर के सहायक निदेशक शैलेंद्र माथुर एवं आरएसएलडीसी जिला समन्वयक निखिल बत्रा द्वारा कौशल विकास में आईटीआई प्रशिक्षण का महत्व प्रशिक्षार्थियों को बताया। कार्यक्रम मंच संचालन श्री राजेश कुमार उबाना द्वारा किया गया।



## नाले के बहाव में बहा 14 साल का छात्र: स्कूल से लौटते समय हादसा, रेस्क्यू में जुटे एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )**। धौलपुर के कौलारी थाना क्षेत्र में नरीपुरा गांव के पास एक छात्र नाले में बह गया। भागना गांव का आयुष (14) स्कूल से घर लौट रहा था। नाले पर बह रही पानी की चादर को पार करने की कोशिश में वह तेज बहाव की चपेट में आ गया।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह और एएसआई योगेश तिवारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार अभी तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस और प्रशासन की टीम एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर खोज अभियान चला रही है।घटना के समय अन्य विद्यार्थियों ने बचाने के लिए आवाज लगाई। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। छात्र के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विभागीय समन्वय बैठक आयोजित

## राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति तथा संपर्क पोर्टल पर जन समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान



अजमेर (घनश्याम दास)। 15 जुलाई को जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति तथा संपर्क पोर्टल पर जन समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारा जाए। इसके लिए भूमि आवंटन से संबंधित शेष कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने एवं अंतरविभागीय समन्वय के तहत लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लोक बन्धु ने आगामी रोजगार उत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सम्बंधित विभाग को नवनियुक्त कार्मिकों का पंजीयन, वेलकम किट वितरण तथा समारोह के आयोजन की संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें सुरक्षा, अल्पाहार, पेयजल, चिकित्सा, पार्किंग तथा जयपुर जाने वाले वाहनों में मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राजमार्गों पर स्थित ट्रॉमा सेंटरों पर चिकित्सा कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु में संभावित मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए घर घर सर्वे, एंटी लार्वा गतिविधियाँ, फॉगिंग और एमएलओ छिड़काव की नियमितता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपखंड अधिकारी एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को जल भराव वाले क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित 90 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का आगामी जनसुनवाई से पूर्व निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं केंद्र सरकार के पोर्टलों से प्राप्त प्रकरणों की व्यक्तिगत निगरानी जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें। इससे राज्य स्तर की समीक्षा में जिले का प्रदर्शन अग्रणी बना रहेगा। जिला कलक्टर ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जिलेवार रैंकिंग सूची में जिले के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाया जाए। इसमें लाभार्थियों का ई-केवाईसी एवं सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा कर लाभ वितरण की प्रक्रिया में गति बढ़ाई जाए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कुसुम योजना के सभी घटकों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत बालिका जन्म को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देश दिए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को पॉलीहाउस, ड्रिप सिंचाई, फार्म पॉन्ड, तारबंदी आदि योजनाओं में प्राप्त आवेदनों के आधार पर लाभ वितरण सुनिश्चित करने के लिए कहा।

उन्होंने पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को जल संरचनाओं, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अटल ज्ञान केंद्र और स्वामित्व योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वायत्त शासन विभाग के अधिकारियों को शहरी स्वच्छता मिशन में घर घर कचरा संग्रहण शत प्रतिशत करने एवं पिंक टॉयलेट का निर्माण निर्धारित लक्ष्यनुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राम प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी एवं श्रीमती वंदना खोरवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आई-रैड डेटा के विश्लेषण से सड़क दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश: जिला कलक्टर

### जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विशेष टास्क फोर्स की बैठक में दिए अहम निर्देश

बढ़ता राजस्थान



धौलपुर (राजू शर्मा)। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि जनजीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सड़क सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ सजग और जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एनएचएआई समेत सभी संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

यह बात उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं विशेष टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा से हुई।

ब्लैक स्पॉट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित कर वहां संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर और गति सीमा निर्धारण जैसे उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की आशंका वाले क्षेत्रों में साइनेज लगाये जाए।

आई-रैड डेटा का करें विश्लेषण, न लें हल्के में

जिला कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आई-रैड पोर्टल पर दर्ज डाटा का गहन विश्लेषण किया जाना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों से आई-रैड पर सटीक व समयबद्ध डेटा अपलोड करने के निर्देश भी दिए।

सभी विभाग समयबद्धता और समन्वय के साथ करें कार्य

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि सभी विभाग सड़क सुरक्षा के लिए निर्धारित कार्यों को समय पर पूर्ण करें और यातायात प्रबंधन में बेहतर रणनीति और तालमेल के साथ योगदान दें। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता डीआर क्षत्रिय, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, एनएचएआई के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## उच्च तकनीकों को दर्शाने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । कृषि में उन्नत कृषि यंत्रों का प्रयोग, जैविक खेती, उन्नत प्रवर्द्धन विधियाँ, पॉलीहाउस, लो टनल, उच्च तकनीक नर्सरी, कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग, फल एवं सब्जियों की प्रोसेसिंग, फसलों को संतुलित पोषण आदि तकनीकों के माध्यम से किसानों की आमदनी व उत्पादन बढ़ाना संभव है। यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डॉ सिंह कृषि महाविद्यालय पर ग्रामीण उद्यमिता कृषि विकास योजनान्तर्गत चल रहे एक सप्ताह के आमुखीकरण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कृषि की उच्च तकनीकों को दर्शाने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे! ईस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार, डॉ. एस. एल. यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अत्याधिक रसायनों व रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य खराब हो रहा है, अतः किसान मृदा में गोबर की खाद कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट व हरी खाद का प्रयोग करना चाहिए! समन्वित कीट एवं रोग प्रबन्धन से कीट एवं रोगो का उपचार करें। किसानों को फसल रोगो की पहचान करना आना चाहिए । रेडी विद्यार्थियों को 13 सप्ताह के ग्रामीण व कृषि उद्योगो की जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर व कोटपुतली भेजा गया है, जहाँ उन्हें फसलोत्पादन व कृषि तकनीकी की प्रायोगिक जानकारी दी जायेगी।



## समाजसेवी भंवर सिंह पलाड़ा ने निजी आवास पर की गई जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )**। अजमेर जिले के विभिन्न गांवो से कई ग्रामीणजनो द्वारा जिला प्रमुख श्रीमती सुशील कंवर पलाडा के निजी आवास पर पंहुचकर अपनी परिवेदनाओं से अवगत कराया गया। जिला प्रमुख प्राप्त परिवेदनाओं पर तत्काल कार्यवाही की गई एवं ग्रामीणजनो को राहत प्रदान की गई। निम्नलिखित परिवेदनाऐं पेष की की गई:-



1. ग्राम मानपुरा के समस्त ग्रामीणजन द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम मानपुरा के खसरा नं. 5 पर गोपीराम मेघवाल पुत्र गंगाराम मेघवाल द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है तथा आने-जाने के रास्ते को भी बंद कर रखा है। ग्रामीणजन ने अतिक्रमण हटवाने हेतु निवेदन किया है।
2. समस्त ग्रामवासी ग्राम निट्टी तह. रूपनगढ़ जिला अजमेर ने ग्राम निट्टी में स्थिति 100 वर्ष पुराने मुख्य रास्ते जिस पर सभी जातियों के निवास स्थान, शमषान घाट, सार्वजनिक स्नानघर तथा पानी की खेली स्थित है, को यथावत् रखने हेतु निवेदन किया है।
3. समस्त ग्रामवासी सोमलपुर ने अवगत कराया कि क्षेत्र के मेयो स्टार स्कूल, ज्ञान ज्योति स्कूल तथा आयोजन स्कूल में लगभग 300 से 400 बच्चे अध्ययनरत है। इन विद्यालयों के आगे की रोड़ काफी खराब हालत में है। कीचड़ की वजह से आये दिन बच्चे चोटिल हो रहे है। उक्त रोड़ की मरम्मत हेतु बजट स्वीकृत होने के उपरांत भी आज दिनांक तक कार्य प्रारंभ नही किया गया है।

## बाड़ी में नदी में डूबे मजदूर का शव मिला: 26 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने किया बरामद, परिवार में अब नही कोई कमाने वाला, मुआवजे की मांग

बढ़ता राजस्थान



धौलपुर (राजू शर्मा)। मजदूर जाकिर की मौत नदी में डूबने से हो गई। करीब 26 घंटे बाद मृतक का शव बामनी नदी एनीकट में फंसा मिला है। जाकिर सोमवार सुबह 11 बजे संत नगर मोड़ पर नदी के क्षतिग्रस्त पुल को पार कर रहे थे। इस दौरान वे पैर फिसलने से पानी में बह गए।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। धौलपुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से भी तलाश की गई, लेकिन सोमवार को कोई सफलता नहीं मिली।

वहीं दूसरी घटना में निधारा गांव के पास रपट से पानी में गिरी 19 वर्षीय किशोरी अंतेश गुर्जर का अभी कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। एसडीआरएफ की टीम और ग्रामीण युवा उसकी खोज में लगे हुए हैं।

मंगलवार को फिर से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। करीब 26 घंटे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर सरमथुरा रोड बामणी नदी एनीकट पर शव मिला। शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में ले जाया गया। परिजनों और मुस्लिम समाज के लोगों की मौजूदगी में पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शेफ सईद खां ने बताया कि मृतक गरीब परिवार से था। उनके घर में देखभाल करने वाला कोई नहीं है। उनका 18 वर्षीय बेटा अभी पढ़ाई कर रहा है और एक छोटी बेटी भी है। परिवार ने प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है।

सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि अभी तक पीड़ित परिवार की तरफ से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। रिपोर्ट मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ठेका सफाई कर्मचारियों का चेयरमैन कार्यालय और ईओ आवास पर विरोध प्रदर्शन

### चार साल से कर रहे है न्यूनतम मानदेय पर काम,नहीं हुआ पीएफ का भुगतान

बढ़ता राजस्थान



बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के नगर पालिका में ठेके पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यालय सहित अधिशासी अभियंता आवास पर विरोध प्रदर्शन किया गया। ठेका सफाई कर्मचारियों की मांग है कि वे 4 साल से न्यूनतम मानदेय पर शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई का काम कर रहे हैं। ठेकेदार द्वारा उनके पीएफ का भुगतान नहीं किया जा रहा। बार-बार कहने पर ठेकेदार द्वारा मामले में टालमटोल किया जा रहा है। जिसकी शिकायत में पूर्व में नगर पालिका अध्यक्ष,ईओ और उपखंड प्रशासन से कर चुके हैं लेकिन कहीं पर कोई सुनवाई नहीं है।

ठेका सफाई कर्मचारी दिलीप,प्रताप,श्याम,मिलन,किशोर , अनूप आदि ने बताया की तेजू पाराशर ठेकेदार के अधीन शहर के गुमट क्षेत्र के 14 वार्डों में सफाई का काम करते हैं। 4 साल से न्यूनतम मानदेय साढ़े चार हजार से पांच हजार रुपये की मजदूरी पर सफाई का काम कर रहे हैं। उनके मानदेय में से एक हजार से अधिक की राशि पीएफ के नाम पर काटी जाती है। जिसका भुगतान हर महीने उनके बैंक खाते में होना चाहिए लेकिन आज तक पीएफ की एक भी किश्त खाते में नहीं डाली गई। कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

वही महिला सफाई कर्मी गुड्डी,डबल गुड्डी,पूजा,सोनम,आशा आदि ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उनका पीएफ भुगतान नहीं किया जा रहा। जिसकव लेकर वे नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी,विभिन्न वार्डो के पार्षद,अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल, बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी से शिकायत कर चुकी हैं लेकिन हर जगह सिवाय आश्वासन के कोई सुनवाई नहीं है। ऐसे में अब धौलपुर जिला कलेक्टर से मामले में गुहार लगाई जाएगी। गौरतलब है की बाड़ी शहर के 45 वार्डो को तीन जोन में बांटकर सफाई कार्य कराया जा रहा है। जिसमें तीन संवेदकों के ठेका सफाई कर्मचारी लगे हुए हैं लेकिन कोई भी संवेदक ठेका सफाई कर्मचारियों का पीएफ भुगतान नहीं कर रहा है। इससे सफाई कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

# जॉन अब्राहम और मानुषी छिल्लर की तेहरान की रिलीज से उठा पर्दा, जियोपॉलिटिकल थ्रिलर डायरेक्ट-टू-ओटीटी रिलीज़ होगी?

जॉन अब्राहम की भू-राजनीतिक एक्शन थ्रिलर तेहरान कथित तौर पर सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बजाय डिजिटल रिलीज़ की ओर बढ़ रही है, क्योंकि फिल्म के बड़े पर्दे पर आने की काफी उम्मीदें और अटकलें लगाई जा रही थीं।

जॉन अब्राहम की भू-राजनीतिक एक्शन थ्रिलर तेहरान कथित तौर पर सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बजाय डिजिटल रिलीज़ की ओर बढ़ रही है, क्योंकि फिल्म के बड़े पर्दे पर आने की काफी उम्मीदें और अटकलें लगाई जा रही थीं। फिल्म को कथित तौर पर स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी 5 पर जगह मिल गई है, और इसका निर्माण दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने किया है। मानुषी छिल्लर भी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने संकेत दिया कि तेहरान अगले महीने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ होने की संभावना है। अंदरूनी सूत्र ने खुलासा किया फिल्म की टीम तेहरान को 2025 के स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज़ करने पर विचार कर रही है। कुछ दिनों में अंतिम निर्णय लिया जाएगा, जिसके बाद आधिकारिक घोषणा की जाएगी। 90 मिनट लंबी यह फिल्म कथित तौर पर अच्छी तरह से तैयार हो गई है और ओटीटी पर इस साल की सबसे रोमांचक रिलीज़ में से एक है।

इससे पहले जॉन अब्राहम की आखिरी रिलीज़ द डिप्लोमैट इस साल की शुरुआत में मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी और लगभग शून्य प्रचार के बावजूद, बॉक्स ऑफिस पर आश्चर्यजनक रूप से सफल रही। 20 करोड़ रुपये के कथित बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 40.30 करोड़ रुपये और वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 53.14 करोड़ रुपये की कमाई की।

फिल्म की रिलीज़ और इसकी आश्चर्यजनक सफलता के बाद, जॉन ने एक साक्षात्कार में कहा था कि द डिप्लोमैट को सपोर्ट करने वाले स्टूडियो का इस पर से भरोसा उठ गया था और उन्होंने यह भी खुलासा किया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने भी सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद इसकी स्क्रीनिंग के लिए खरीदारी करने से इनकार कर दिया था।




द डिप्लोमैट की धीमी सफलता के बाद, उम्मीद की जा रही थी कि जॉन अब्राहम की अगली रिलीज़ तेहरान के लिए चीज़ें आसान होंगी, हालाँकि, एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित यह थ्रिलर अब सिनेमाघरों में रिलीज़ न होकर सीधे ओटीटी प्रीमियर का विकल्प चुन रही है।

बॉलीवुड हंगामा को एक सूत्र ने बताया, पूरी संभावना है कि फिल्म का प्रीमियर ज़ी5 पर होगा। इस बारे में एक स्पष्ट तस्वीर एक हफ़्ते या 10 दिनों में सामने आएगी। इसके अलावा, रिपोर्ट्स का दावा है कि यह 15 अगस्त को ओटीटी पर रिलीज़ होगी। तारीख अभी तय नहीं हुई है। यह फैसला जल्द ही लिया जाएगा जिसके बाद निर्माता आधिकारिक घोषणा करेंगे।

तेहरान एक सीधी-सादी भू-राजनीतिक थ्रिलर है और इसे एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म की तर्ज पर बनाया गया है, उद्योग के एक जानकार ने फिल्म के सिनेमाघरों के बजाय सीधे डिजिटल पर रिलीज़ होने के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहा, इसकी अवधि दो घंटे से भी कम है और इसके अलावा, यह सिर्फ़ हिंदी भाषा की फिल्म नहीं है। प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए, कुछ संवाद फ़ारसी और अंग्रेजी में भी हैं। इसलिए, निर्माताओं को लगा कि यह ओटीटी माध्यम के लिए ज़्यादा उपयुक्त होगी।

तेहरान को इतना खास बनाने वाली बात यह है कि यह जॉन अब्राहम की पहली बार किसी ओटीटी ओरिजिनल फीचर फिल्म में अभिनय करने का मौका है। अभिनेता ने अब तक अपने कई साथियों के विपरीत, डिजिटल दुनिया में कदम रखने से परहेज किया था। महामारी के दौरान, उनकी निर्माण परियोजना, सरदार का ग्रैंडसन (2021), सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और नीना गुप्ता भी थे। हालाँकि, उन्होंने इसमें केवल एक कैमियो ही किया था।

## किआरा आडवाणी के बाद, विक्रांत मैसी ने किया डॉन 3 से किनारा? रणवीर सिंह की फिल्म के नया विलेन अब कौन होगा?



अभिनेता विक्रांत मैसी शनाया कपूर के साथ अपनी हालिया रिलीज़ आँखों की गुस्ताखियाँ को लेकर चर्चा में हैं। विक्रांत बहुप्रतीक्षित डॉन 3 में एक अहम भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार थे। कथित तौर पर उन्हें फरहान अख्तर निर्देशित इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ मुख्य खलनायक के रूप में लिया गया था।

अभिनेता विक्रांत मैसी शनाया कपूर के साथ अपनी हालिया रिलीज़ %आँखों की गुस्ताखियाँ% को लेकर चर्चा में हैं। विक्रांत बहुप्रतीक्षित %डॉन 3% में एक अहम भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार थे। कथित तौर पर उन्हें फरहान अख्तर निर्देशित इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ मुख्य खलनायक के रूप में लिया गया था। लेकिन, उद्योग सूत्रों ने बताया कि विक्रांत ने %डॉन 3% से हटने का फैसला किया है, क्योंकि उनका कहना है कि इस भूमिका में पर्याप्त गहराई नहीं थी। इस किरदार में भी बड़े बदलाव की ज़रूरत थी। वह रणवीर के साथ एक आकर्षक, चिकनी-चुपड़ी बातें करने वाले घोटालेबाज की भूमिका निभाने वाले थे, जिसमें उनके साथ ज़बरदस्त एक्शन सीन्स होते। विक्रांत के अप्रत्याशित रूप से बाहर होने के बाद अब फरहान के पास एक और जगह खाली हो गई है, जिससे वे एक ऐसे नए अभिनेता की तलाश में हैं जो इस भूमिका में आकर्षण और तीव्रता का सही संतुलन ला सके।

डॉन 3 में क्या हो रहा है

– किआरा आडवाणी के फरहान अख्तर की डॉन 3 छोड़ने की अफवाहें उड़ रही थीं, अब एक नई रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि विक्रांत मैसी ने फिल्म से नाता तोड़ लिया है।

–बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, एक करीबी सूत्र ने निर्माताओं से कहा, इसमें कोई शक नहीं कि विक्रांत कमाल के होते। हमें यकीन है कि उनके जैसा कोई और अभिनेता आगे आएगा और इस चुनौती का डटकर सामना करेगा।

– अब, ताज़ा चर्चा यह है कि आदित्य रॉय कपूर और विजय देवरकोंडा डॉन 3 में विक्रांत की जगह लेने की दौड़ में हैं। हालाँकि, अभिनेताओं या डॉन 3 के निर्माताओं की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## राजकुमार राव ने सौरव गांगुली की बायोपिक की शूटिंग पर दी बड़ी अपडेट, गहन तैयारी शुरू की

अभिनेता का यह अपडेट ऐसे समय में आया है जब %मालिक% बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों द्वारा उनके दमदार अभिनय की सराहना के साथ, राव अब अपनी अगली बड़ी चुनौती की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें वह भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित कप्तानों में से एक की भूमिका निभा रहे हैं।राजकुमार राव, जो इन दिनों अपनी हालिया गैंगस्टर ड्रामा %मालिक% की सफलता का आनंद ले रहे हैं, ने प्रशंसकों को एक और नई उम्मीद दी है। इस प्रतिभाशाली अभिनेता ने हाल ही में खुलासा किया है कि क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली की बहुप्रतीक्षित बायोपिक, जिसमें वह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। अभिनेता का यह अपडेट ऐसे समय में आया है जब %मालिक% बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों द्वारा उनके दमदार अभिनय की सराहना के साथ, राव अब अपनी अगली बड़ी चुनौती की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें वह भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित कप्तानों में से एक की भूमिका निभा रहे हैं।



हालाँकि फिल्म के शीर्षक और निर्देशक की घोषणा अभी बाकी है, अभिनेता ने बताया कि भारत के सबसे प्रतिष्ठित खेल हस्तियों में से एक के जीवन और विरासत के साथ न्याय करने के लिए आवश्यक व्यापक तैयारी के कारण फिल्म में देरी हो रही है।

मिड-डे ने बताया है कि अभिनेता इस भूमिका के लिए कड़ी तैयारी कर रहे हैं। बताया गया था कि शूटिंग इसी साल शुरू होगी, लेकिन भारी तैयारी के कारण ऐसा लग रहा है कि यह 2026 में शुरू होगी। फिल्म निर्माता चाहते हैं कि वर्तमान में विकास के चरण में चल रही पटकथा को अंतिम विवरण तक परिपूर्ण किया जाए – जो खिलाड़ी के गौरवशाली करियर के साथ न्याय करे।

मुख्य अभिनेता बताते हैं, नाटकीय अनुभव के लिए दादा के जीवन को फिर से जीवंत करने में हर कोई बहुत सावधानी बरत रहा है। हमने शूटिंग अगले साल के लिए टाल दी है क्योंकि हमें तैयारी के लिए कुछ समय चाहिए था। क्रिकेट के हमारे सबसे प्रतिष्ठित नायकों में से एक की भूमिका निभाना एक बड़ी ज़िम्मेदारी है।

राव इस भूमिका के लिए गहन प्रशिक्षण ले रहे हैं, खासकर अपनी शैली को गांगुली, जो एक बाएँ हाथ के बल्लेबाज हैं, के अनुरूप ढालने के लिए। उन्होंने आगे कहा, हालांकि मुझे क्रिकेट खेलना आता है, लेकिन बाएँ हाथ का बल्लेबाज़ होना बिल्कुल अलग बात है। मांसपेशियों की याददाश्त दाएँ हाथ के बल्लेबाज़ होने पर ही निर्भर करती है। इसलिए, मुझे अभ्यास के लिए कुछ समय चाहिए। मैंने जानबूझकर अभी तक दादा से मुलाकात नहीं की है। मैं उनसे तब मिलना चाहता हूँ जब हम पूरी तरह से तैयारी में लग जाएँ।

एनडीटीवी के साथ एक पूर्व साक्षात्कार में, राव ने कास्टिंग की पुष्टि करते हुए कहा था, अब जब दादा ने कह ही दिया है, तो मैं इसे आधिकारिक भी कर दूँ – हाँ, मैं उनकी बायोपिक में उनका किरदार निभा रहा हूँ। मैं नर्वस हूँ। यह एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है, लेकिन यह बहुत मज़ेदार होने वाला है।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 18,500 से ज़्यादा रन और 38 शतक बनाने वाले गांगुली ने अभिनेता की कास्टिंग के लिए अपनी सहमति दे दी और पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक माने जाने वाले इस महान क्रिकेटर ने कहा, मुझे लगता है कि यह सही व्यक्ति कर रहा है।

## स्टाइलिश लुक में देर रात गर्लफ्रेंड सबा आजाद संग मूवी डेट पर निकले ऋतिक रोशन, वीडियो वायरल




अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2 की रिलीज़ से पहले, ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड सबा आज़ाद के साथ एक शांत शाम बिताते हुए नज़र आए। रविवार, 13 जुलाई की रात, इस जोड़े को मुंबई के जुहू स्थित एक सिनेमाघर से बाहर निकलते हुए देखा गया।

अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2 की रिलीज़ से पहले, ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड सबा आज़ाद के साथ एक शांत शाम बिताते हुए नज़र आए। रविवार, 13 जुलाई की रात, इस जोड़े को मुंबई के जुहू स्थित एक सिनेमाघर से बाहर निकलते हुए देखा गया। पिछले हफ़्ते उनकी बार-बार की गई फ़िल्मों की रिलीज़ ने प्रशंसकों के बीच अटकलों को हवा दे दी है—क्या सबा को वॉर 2 की झलक मिल रही है?

ऋतिक ने कैज़ुअल लेकिन स्टाइलिश लुक बनाए रखा, उन्होंने प्लेन सफ़ेद टी-शर्ट के साथ ब्लैक कार्गो पैंट्स पहनी थी। उन्होंने इस लुक को एक सफ़ेद बटन-डाउन जैकेट के साथ लेयर किया और मैचिंग सफ़ेद हैट के साथ पूरा किया, जिससे उनके पहनावे में एक कूल टच आ गया। वहीं, सबा आज़ाद ने रिलैक्स्ड-फिट बैगी जींस के साथ एक बेहद स्टाइलिश ब्लैक बैकलेस बॉडीसूट में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

## 46 साल की विद्या बालन का नया रूप देख खुले रह गए लोगों के मुंह

एक्ट्रेस विद्या बालन ने हाल ही में एक मैगजीन के कवर के लिए फोटोशूट कराया, जिसमें उनके नए हेयरस्टाइल और ग्लैमरस लुक ने सबको चौंका दिया। सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद, फैंस उनकी खूबसूरती और जवां दिखने के अंदाज पर फिदा हो गए।एक्ट्रेस विद्या बालन ने हाल ही में एक मैगजीन के कवर के लिए नए शूट में बिल्कुल नए हेयरस्टाइल के साथ समय को पीछे छोड़ दिया और बेहद खूबसूरत लग रही हैं। मंगलवार को विद्या बालन की कई फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की गईं। तस्वीरों को देखकर फैंस 46 वर्षीय एक्ट्रेस के शानदार लुक पर फिदा हो गए हैं।मंगलवार को सोशल मीडिया पर शेयर किए गए



इस एडिशन में विद्या बालन की एक और कवर स्टोरी आई है। %अ फोर्स टू रेकन विद% टाइटल वाली यह कवर स्टोरी पुरुष-प्रधान इंडस्ट्री में सिनेमा के बिजनेस को आगे बढ़ाने पर बेस्ड है।

## लार्डस क्रिकेट ग्राउंड में कबीर भईया के साथ शुभमन गिल की कप्तानी का आनंद ले रही कृति सेनन, बॉयफ्रेंड ने शेयर की तस्वीर



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन को लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर शुभम गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करते देखा गया। मैच देखने के दौरान वह अकेली नहीं थीं। उनके साथ उनके कथित बॉयफ्रेंड कबीर बाहिया भी थे।

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन को लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर शुभम गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करते देखा गया। मैच देखने के दौरान वह अकेली नहीं थीं। उनके साथ उनके कथित बॉयफ्रेंड कबीर बाहिया भी थे। खेल का आनंद लेने के अलावा, अरबपति कुलजिंदर बाहिया के बेटे के साथ बिताए उनके भावुक पल ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा। कबीर बाहिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी गर्लफ्रेंड कृति सनेन की एक दिल छू लेने वाली तस्वीर शेयर की। अपनी गहरी मुस्कान बिखेरते हुए, कथित प्रेमी जोड़े बेहद खुश नज़र आ रहे थे। इसके अलावा, वे बेज और सफ़ेद रंगों में ट्विनिंग कर रहे थे, जो एक कपल गोल्स साबित हो रहा था।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# कांवड़ यात्रा पथ पर ढाबों पर फिलहाल लगाना ही होगा क्यूआर कोड

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी-उत्तराखंड सरकार से जवाब तो मांगा, लेकिन रोक नहीं लगाई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी सरकार के वकील जितेंद्र कुमार सेठी ने कहा कि मामला संगीन है और हमें दो हफ्ते का वक्त चाहिए। जिसके बाद इस मामले में 22 तारीख की सुनवाई की वक्त मुकर्रर कर दी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और शिक्षाविद् अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई के लिए स्थगित कर दी।

सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार की बड़ी जीत हुई है। क्यूआर कोड मामले को लेकर याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल की थी, उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में 2 मिनट की सुनवाई हुई। कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है और 23 तारीख तक खत्म हो जाना है। लेकिन याचिकाकर्ता को इस मामले में अंतरिम राहत की उम्मीद थी। लेकिन सुनवाई की शुरुआत के समय ही उत्तराखंड सरकार और यूपी सरकार के वकील जितेंद्र कुमार सेठी ने कहा कि मामला संगीन है और हमें दो हफ्ते का वक्त चाहिए। जिसके बाद इस मामले में 22 तारीख की सुनवाई की वक्त मुकर्रर कर दी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और शिक्षाविद् अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई के लिए



स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी इसी तरह के निर्देशों पर रोक लगा दी थी, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। 25 जून को उत्तर प्रदेश प्रशासन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए झा ने कहा कि नए उपायों में कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है, जिससे मालिकों के नाम और पहचान का पता चलता है, जिससे वही भेदभावपूर्ण प्रोफाइलिंग प्राप्त होती है जिस पर पहले इस न्यायालय ने रोक लगा दी थी।

याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार का निर्देश, जिसमें स्टॉल मालिकों को कानूनी लाइसेंस आवश्यकताओं के तहत धार्मिक और जातिगत पहचान बताने के लिए कहा गया है, दुकान, ढाबा और रेस्टोरेंट मालिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन है। हिंदू कैलेंडर के %श्रावण% माह में शिवलिंगों का %जलाभिषेक% करने के लिए कई भक्त गंगा से पवित्र जल लेकर विभिन्न स्थानों से कांवड़ लेकर आते हैं। कई श्रद्धालु इस महीने में मांसाहार से परहेज़ करते हैं। कई लोग तो प्याज़ और लहसुन वाला भोजन भी नहीं खाते।

# कांवड़ लेने मत जाना...कांवड़ियों पर कविता से चोट, टीचर की नीयत में खोट?



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गीत के बोल इस प्रकार हैं- कांवड़ लेने मत जाना, तुम ज्ञान के दीप जलाना। मानवता की सेवा करके सच्चे मानव बन जाना। स्थानीय पार्षद और कुछ भाजपा नेताओं द्वारा पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की मांग करने के बाद कल रात शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। बरेली के एमजीएम इंटर कॉलेज के टीचर की कांवड़ियों पर कविता से बवाल मच गया है। कविता सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वीडियो में रजनीश गंगवार अपने स्कूल के बच्चों को एक कविता सुना रहे हैं। कविता में वो बोल रहे हैं कि तुम कांवड़ लेने मत जाना, ज्ञान का दीप जलाना। इस वीडियो के सामने आते ही मामला गर्मा गया है। टीचर के इस बयान को सीधे कांवड़ियों का विरोध मान लिया गया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच की जा रही है। इस गीत के बोल इस प्रकार हैं- कांवड़ लेने मत जाना, तुम ज्ञान के दीप जलाना। मानवता की सेवा करके सच्चे मानव बन जाना। स्थानीय पार्षद और कुछ भाजपा नेताओं द्वारा पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की मांग करने के बाद कल रात शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। बहेड़ी थाना क्षेत्र में एमजीएम इंटर कॉलेज के शिक्षक रजनीश गंगवार ने छात्रों के सामने कविता के माध्यम से कांवड़ यात्रा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया हमने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जाँच कर रहे हैं। ज़िला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि वीडियो पुराना लग रहा है और कांवड़ यात्रा के दौरान लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिए इसे फिर से प्रसारित किया गया है। रिपोर्टों में उनके हवाले से कहा गया है कि वीडियो की जाँच की गई है और शिक्षक ने स्पष्टीकरण भी दिया है। कांवड़ यात्रा शिव भक्तों के लिए हर साल सावन के महीने में आयोजित होने वाली एक विशाल वार्षिक तीर्थयात्रा है। इस वर्ष यह यात्रा 11 से 23 जुलाई तक आयोजित की जा रही है।

# आरसीबी के बॉलर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

## यौन शोषण केस में हाईकोर्ट बोला- एक-दो दिन मूर्ख बनाया जा सकता है, 5 साल नहीं



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा- आपको एक दिन, दो दिन के लिए मूर्ख बनाया जा सकता है। मगर 5 साल के रिश्ते में किसी को मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। यौन उत्पीड़न की एफआईआर के खिलाफ यश दयाल ने याचिका दाखिल की थी।मंगलवार को न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा व अनिल कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने इस मामले में विपक्षी पार्टी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। क्रिकेटर पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक दोनों की मुलाकात लगभग पांच साल पहले हुई थी।27 साल के दयाल के खिलाफ 6 जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 69 (धोखे से यौन संबंध बनाना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

यश दयाल के वकील गौरव त्रिपाठी ने बताया- यौन शोषण की एफआईआर को क्रिकेटर ने कोर्ट में चैलेंज किया था। मैंने ही याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। विपक्षी को नोटिस जारी कर बुलाया गया है। उनका जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। मामले में अगली सुनवाई 4-6 हफ्ते में होगी।

आईपीएल चैंपियन आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल ने यौन शोषण का आरोप लगाने वाली युवती के खिलाफ प्रयागराज पुलिस में शिकायत दी थी। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार से कहा- जिस युवती ने मुझ पर आरोप लगाया है, वो गलत है। मुझे फंसाया जा रहा है।युवती ने मेरा आईफोन और लैपटॉप चोरी कर लिया है। जबरन शादी का दबाव बना रही है। उसने इलाज के बहाने मुझसे पैसे लिए। मैंने जब उससे पैसे वापस मांगे तो वह शादी का दबाव बनाने लगी।मामले की जांच कर रहे खुल्दाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र वर्मा का कहना है कि शिकायत पर जांच की जा रही है।

# राधिका मर्डर केस, एक्सपर्ट्स ने जांच पर सवाल उठाए:बोले- पुलिस आरोपी के बयान में ही उलझी, कोर्ट में मुकर गया तो क्या करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** हरियाणा में गुरुग्राम के हाई प्रोफाइल टेनिस प्लेयर राधिका यादव मर्डर केस में आरोपी पिता के स्टेटमेंट पर टिकी पुलिस की थ्योरी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्रिमिनल लॉयर, रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों और कानून के जानकारों का मानना है कि पुलिस को बाकी एंगल पर भी काम करना चाहिए।इस केस के बारे में जब दैनिक भास्कर एप ने लॉ एक्सपर्ट्स से बात की तो कई तथ्य सामने आए। अधिकतर एक्सपर्ट ने सीधे तौर पर पुलिस की इन्वेस्टिगेशन को एकतरफा बताया और कहा कि पुलिस को दिए आरोपी के बयान कोर्ट में ज्यादा मायने नहीं रखते। वह कोर्ट में मुकर गया तो पुलिस क्या करेगी? कोर्ट सबूत और गवाहों के आधार पर



डिसीजन लेता है।इस तरह के फैमिली मर्डर केस में अगर एक ही थ्योरी पर पुलिस चैप्टर बंद कर देती है तो क्रिमिनल को फायदा मिलने की संभावना बढ़ जाती है। राधिका की हत्या ने न केवल सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर हलचल मचाई है, बल्कि कानूनी दृष्टिकोण से भी यह मामला जटिल और विवादास्पद बन सकता है।बता दें कि 10 जुलाई को गुरुग्राम में टेनिस प्लेयर राधिका यादव की उसके पिता दीपक यादव ने 4 गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। पिता ने पुलिस को बताया कि वह बेटी की कमाई खाने के लोगों के तानों से परेशान था। बेटी ने उसकी एकेडमी बंद करने की बात नहीं मानी, इसलिए उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के इसी बयान के बाद अपनी कार्रवाई को सीमित कर रखा है।

इस मामले पर पुलिस की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट अजय पाल का कहना है कि किसी भी मर्डर केस की जांच में आरोपी के बयान को प्राथमिक आधार बनाना खतरनाक है।इस मामले में गहन और वैज्ञानिक जांच की जरूरत है, जिसमें फोरेंसिक सबूत, गवाहों के बयान और डिजिटल सबूतों का विश्लेषण शामिल हो। केवल आरोपी के बयान पर निर्भर रहना कानूनी प्रक्रिया की गंभीर चूक है।उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के एक स्कूल के स्टूडेंट्स मर्डर केस में ऐसा हो चुका है, जब पुलिस ने एक ही थ्योरी पर काम करते हुए गलत व्यक्ति को पकड़ लिया था। अगर पुलिस की जांच में खामियां रहती हैं, तो यह बचाव पक्ष के लिए मजबूत आधार हो सकता है।उदाहरण के लिए, अगर क्राइम सीन से सबूत ठीक से एकत्र नहीं किए गए या चेन ऑफ कस्टडी में गड़बड़ी हुई, तो यह कोर्ट में साक्ष्यों की स्वीकार्यता को प्रभावित कर सकता है।अजय पाल ने कहा कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 24 इस मामले के बीच में आएगी। अगर अभियुक्त कहता है कि उसने हत्या नहीं की और ऐसा कोई बयान नहीं दिया, तो उसे फायदा पहुंच सकता है।

# भारतीय सेना मानहानि मामले में राहुल गांधी का लखनऊ कोर्ट में सरेंडर, 5 मिनट बाद मिली जमानत

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ (एजेंसी)।** यह मानहानि का मामला गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों से जुड़ा है। अदालत के समन का पालन करते हुए, गांधी लखनऊ में सांसदों और विधायकों के लिए विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए।कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी



को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि के एक मामले में लखनऊ की एक अदालत ने ज़मानत दे दी है। जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा की अध्यक्षता वाली एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें 20-20 हज़ार रुपये के दो मुचलके भरने पर राहत दी। यह मानहानि का मामला गांधी द्वारा अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों से जुड़ा है। अदालत के समन का पालन करते हुए, गांधी लखनऊ में सांसदों और विधायकों के लिए विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए।

यह विवाद 16 दिसंबर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शुरू हुआ था। गलवान घाटी में हुई झड़पों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों को पीट रहे हैं और कोई इस बारे में सवाल तक नहीं पूछ रहा है।

# फ्रांस में राष्ट्रपति की पत्नी के पुरुष होने की अफवाह:2 महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस

बढ़ता राजस्थान

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने दो महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। इन महिलाओं ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि ब्रिगिट मैक्रों महिला नहीं, बल्कि पुरुष हैं।इनका कहना था कि ब्रिगिट का असली नाम ज्यां-मिशेल ग्रोग्रेन्क्स था। हालांकि यह नाम ब्रिगिट के भाई का है। जीन-मिशेल और ब्रिगिट की शक्ल आपस में काफी हद तक मिलती है।इसके बाद प्रथम महिला ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितंबर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपए और उनके भाई को 5 लाख रुपए हर्जाना देने का आदेश दिया था।हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई को इस फैसले को पलट दिया था।



# यमन में भारतीय नर्स निमिषा की मौत की सजा टली

## दोनों देशों के धर्मगुरुओं ने की बातचीत; हत्या के मामले में कल गोली मारी जानी थी

बढ़ता राजस्थान

सना (एजेंसी)। यमन में मौत की सजा पाने वाली केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा फिलहाल टाल दी गई है। उसे 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जानी थी। न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टिविस्ट ग्रुप और प्रभावशाली धार्मिक नेताओं ने इस मामले में दखल दिया, जिसके बाद निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित कर दी गई है।इससे पहले निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर भी कई कोशिशें की गई थीं। खबर यह भी है कि




पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक के भाई भी शामिल हैं।यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया। ऐसा भी पहली बार हुआ है जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ है।यह बातचीत शरिया कानून के तहत हो रही है, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।मुफ्ती कांथापुरम ने न्यूज एजेंसी हृ्र से बात करते हुए कहा- इस्लाम में हत्या के बदले दीया (मुआवजा) देने का भी रिवाज है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# वोलोदिमीर, क्या आप मास्को पर अटैक कर सकते हो? हथियार हमसे ले लो...पुतिन से खीज ट्रंप अब जेलेंस्की को उकसा रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कथित तौर पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से पूछा कि यदि यूक्रेन को हथियार दिए जाएं तो क्या वह मास्को सहित रूसी क्षेत्र में अंदर तक हमला कर सकता है। इजरायल और ईरान के बीच की जंग से तो पूरी दुनिया वाकिफ है।

जिसने कभी दुनियाभर के युद्धों को फटाफट खत्म करवाकर शांति दूत बनने की मंशा रखने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी जंग में उतरने पर मजबूर कर दिया था। ट्रंप के युद्ध रोको अभियान में टॉप प्रॉयरिटी लिस्ट में रूस और यूक्रेन के बीच की जंग थी। जिसे कभी उन्होंने 24 घंटे में ही रुकवाने वाला जोक भी मार दिया था। कभी पुतिन को अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप अब लगता है रूसी राष्ट्रपति के बेरुखी भरे रवैये से नाराज चल रहे हैं। तभी तो कभी व्हाइट हाउस से बड़े बेआबरू होकर जेलेंस्की को रुकसत करने वाले ट्रंप अब रूस पर हमला करने के लिए उन्हें उकसाते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कथित तौर पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से पूछा कि यदि यूक्रेन को हथियार दिए जाएं तो क्या वह मास्को सहित रूसी क्षेत्र में अंदर तक हमला कर सकता है। 4 जुलाई को एक फ़ोन कॉल के दौरान, ट्रंप ने पूछा कि वोलोदिमीर, क्या आप मॉस्को पर हमला कर सकते हैं? क्या आप



सेंट पीटर्सबर्ग पर भी हमला कर सकते हैं? कहा जाता है कि ज़ेलेंस्की ने जवाब दिया, बिल्कुल। अगर आप हमें हथियार दें तो हम कर सकते हैं। सूत्रों ने फ़ाइनेंशियल टाइम्स को बताया कि ट्रंप इस विचार का समर्थन करते हुए दिखाई दिए और कहा कि यह रूसियों को दर्द का एहसास कराने और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर बातचीत के लिए दबाव बनाने की योजना का हिस्सा था। यह कॉल ट्रंप और पुतिन के बीच हुई फ़ोन कॉल के ठीक एक दिन बाद हुई थी। बातचीत के बाद, अमेरिकी अधिकारियों ने ज़ेलेंस्की को संभावित लंबी दूरी के हमलावर हथियारों की एक सूची दी, जिन्हें तीसरे पक्ष के माध्यम से आपूर्ति किया जा सकता है, जिससे नाटो देशों को अमेरिका की ओर से ये प्रणालियाँ प्रदान करने की अनुमति मिल जाएगी, और इस प्रकार प्रत्यक्ष सहायता पर कांग्रेस द्वारा लगाई गई रोक को दरकिनार किया जा सकेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)